## खबर संक्षेप



### नियमों के उल्लंघन पर यात्री बस को किया जब्त

**कटनी।** बिना परमिट, फिटनेस तथा लाइसेंस के अवैध रूप से संचालित होने वाले वाहनों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने के कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर गुरुवार को परिवहन विभाग द्वारा कटनी-जबलपुर मार्ग पर वाहनों की सघन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान यात्री एवं स्कूल बसों की जांच की गई तथा नियमों का उल्लंघन करते पाये जाने पर 1 यात्री बस जब्त की गईं। जांच के दौरान, यात्री बस क्रमांक के ए 35 ए 8870 बिना परमिट संचालित होती पाई गई। वाहन को जब्त कर यातायात थाना में खड़ा किया गया है। एआरटी ओ ने बताया कि ऐसे अभियान आगे भी जारी रहेंगे। नियमों का पालन न करने वाले वाहन मालिकों के खिलाफ चालानी कार्यवाही के साथ-साथ परमिट निरस्तीकरण की प्रक्रिया भी की जाएगी।

### जिले मे 19.9 हजार मीट्रिक टन से अधिक उर्वरक उपलब्ध

**कटनी।** रबी सीजन हेतु किसानों के लिए उर्वरक का पर्याप्त स्टॉक जिले मे उपलब्ध है। जिले की सहकारी समितियों, विपणन संघ, एमपी एग्रो और निजी विक्रेताओं को मिलाकर 19 हजार 936 मीट्रिक टन उर्वरक की उपलब्धता है। कलेक्टर आशीष तिवारी ने अधिकारियों को खाद वितरण केन्द्रों का नियमित निरीक्षण करने, किसानों से संवाद करने और पीओएस मशीन में उर्वरक स्टॉक की उपलब्धता देखकर इसका भौतिक सत्यापन अवश्य करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने अधिकारियों को हिदायत दी है कि उर्वरक वितरण व्यवस्था पर पैनी नजर रखें ताकि किसानों को सहजता से खाद मिल सके। उपसंचालक कृषि डॉ. आर एन पटेल ने जानकारी देते हुये बताया कि जिले के किसान खाद की आपूर्ति के लिए चिंतित न हो। खाद की नियमित आपूर्ति जारी है। वर्तमान में जिले में 3628 मीट्रिक टन यूरिया उपलब्ध है। इसी प्रकार 2712.90 मीट्रिक टन डीएपी खाद उपलब्ध है। इसके साथ-साथ 146.30 मीट्रिक टन एमओपी, 3203.55 मीट्रिक टन एनपीकेएस, 10219.30 मीट्रिक टन एसएसपी तथा 26.58 मीट्रिक टन एफओम खाद उपलब्ध है।

### शिक्षकों की गैरहाजिरी पर जताई नाराजगी



**बड़वारा।** शुक्रवार को विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ग्राम पंचायत भदावर में पहुंचे। विधायक द्वारा आश्रम शाला भदावर, प्राथमिक शाला भदावर , एवं ग्राम पंचायत भवन भदावर में औचक निरीक्षण किया गया। आश्रम शाला भदावर में बच्चों से परीक्षा पर चर्चा की गई साथ ही प्राथमिक शाला भदावर में शिक्षकों की अनुपस्थित रहने पर नाराजगी व्यक्त की गई। बीईओ बड़वारा को संबंधितों पर कार्यवाही करने एवं आश्रम शाला में शिक्षकों की तत्काल व्यवस्था किए जाने के निर्देश दिए गए। आश्रम शाला भदावर में बच्चों के साथ वंदे मातरम गान गाया गया जिसमें ग्राम पंचायत भदावर के जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण जनों की उपस्थिति रही

### स्कूल में हुई चोरी

**कटनी।** प्राथमिक व माध्यमिक स्कूल देवराखुर्द में चोरों ने किचिन का ताला तोड़कर अंदर रखा आटा करीब 40 किलो, चावल 35 किलो ,05 गैस सिलेंडर एचपी कंपनी का चोरी कर लिया। चोरी गए सामान की कीमत करीब 25000 रूपये आंकी गई है। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। चोरो की पतासाजी की जा रही है।

## कैमोर क्षेत्र में 28 अक्टूबर को नीलेश रजक की गोली मारकर की गई थी हत्या

# गोलीकांडः भाजपा नेता की हत्या के मामले में अब तक 5 आरोपितों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कैमोर थाना क्षेत्र में बीते माह भाजपा नेता नीलेश रजक हत्याकांड में पुलिस ने अब तक पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। कैमोर क्षेत्र में नीलेश उर्फ नीलू रजक निवासी खलवारा बाजार की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस घटना से सांप्रदायिक तनाव उत्पन्न हुआ था। प्रार्थी श्रीकांत तिवारी की रिपोर्ट पर धारा 103(1), 3(5) बीएनएस 25/27 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था।

मामले की गंभीरता और सांप्रदायिक तनाव को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अलग-अलग टीमों का गठन किया गया और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए 30,000/- का इनाम घोषित किया गया। मुखबिर और तकनीकी माध्यमों से पतासाजी के बाद, पुलिस टीम ने ग्राम कजरवारा बहोरीबंद के पास अकरम खान 28 वर्ष और इमेनुअल जोसेफ उर्फ प्रिंस 19 वर्ष को मोटरसाइकिल पर पकड़ा। गिरफ्तारी से बचने के लिए आरोपियों ने पुलिस पर गोली चलाई, जिसके जवाब में पुलिस की आत्मरक्षा में की गई फायरिंग से दोनों आरोपियों के पैरों में चोट आई। उन्हें इलाजके



लिए मेडिकल कॉलेज जबलपुर में भर्ती कराया गया।

### हत्या की साजिश में शामिल

षड्यंत्र में शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी मुख्य आरोपी अकरम खान से पूछताछ के आधार पर, नीलू रजक की हत्या की योजना में शामिल अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया। आरिफ उर्फ मानू खान 26 वर्ष निवासी अमरैयापार आपराधिक षडयंत्र का योजनाकार, सलीम खान उर्फ चच्चा 45 वर्ष निवासी खलवारा बाजार नीलू रजक की निगरानी और रैकी करने वाला। महानदी विजयराघवगढ़ पुल के पास से गिरफ्तार किया मोहम्मद जैद अजहरी 21 वर्ष निवासी भटिया मोहल्ला, हर्ष सिंह 23 वर्ष, निवासी लालपुर अमरपाटन, जिला मैहर जिससे आरोपियों (अकरम खान और लकी अंसारी) ने पिस्टल और कारतूस खरीदे थे, कोलगवां सतना से गिरफ्तार कुल गिरफ्तार आरोपी में अकरम खान, इमेनुअल जोसेफ उर्फ प्रिंस, सलीम खान उर्फ चच्चा, मोहम्मद जैद अजहरी, हर्ष सिंह सभी गिरफ्तार आरोपियों को पुलिस रिमांड पर लिया गया है और न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा। अन्य फरार आरोपी अमन खान, लकी अंसारी, और छोटू सिंह की तलाश जारी है।

कार्यवाही मे पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहरिया और अनुविभागीय अधिकारी वीरेन्द्र धावें के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कैमोर निरीक्षक आशीष शर्मा थाना प्रभारी बहोरीबंद निरीक्षक अखिलेश दाहिया, थाना प्रभारी विजयराघवगढ निरीक्षक रीतिश शर्मा बस स्टैंड चौकी प्रभारी उपनि सिद्दार्थ राय, थाना प्रभारी रंगनाथ नगर उपनि अरुणपाल सिंह, थाना प्रभारी एनकेजे उपनि रूपेन्द्र राजपूत, उपनिरीक्षक अनिल कुमार पांडेय, उपनि विनोद दाहिया, उपनि नवीन नामदेव, उपनि योगेश मिश्रा, और पुलिस टीम के सक्रिय सउनि अखिलेश कुमार मिश्रा, सउनि हुकुम सिंह, सउनि श्यामलाल श्रीवास प्र. आर. संतोष कटारिया, प्रआर आरिफ, प्रआर चंद्रभान विश्वकर्मा आर, अजीत तिवारी, आर. अंकुल बागरी, आर. सौरभ कुमार, आर. विनोद कुमार, आर. विकास पुरी गोस्वामी, आर. विकास सिंह, आर. विक्रम सिंह, आर नीलेश दुबे, आर. कृष्णप्रकाश गुप्ता आर. राकेश आर, उमाकांत सिंह म.आर प्रिया सिंह, आर. सुशील आर. सुनील सायबर सेल सेल से आर. अजय, आर. सतेन्द्र, आर. शुभम आर. चंदन एवं अन्य पुलिसकर्मियों की टीम ने इस कार्रवाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



# नेशनल टैलेंट हंट परीक्षा में छात्रों ने लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

### गर्वित, उदित, देवांश अनुष्का एवं हिमाक्षी को मिली सफलता

जेईई और नीट के छात्रों के करियर निर्माण को लेकर आकाश इंस्टीट्यूट कटनी द्वारा आयोजित आकाश नेशनल टैलेंट हंट परीक्षा में कटनी जिले के छात्रों ने सफलता का परचम लहराया है। मध्यप्रदेश और ऑल इंडिया रैंकिंग में स्थान बनाते हुए कटनी जिले का नाम गौरवान्वित किया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक कक्षा पांचवीं से बारहवीं के विद्यार्थियों के लिए यह परीक्षा 4 अक्टूबर से 13 अक्टूबर तक पूरे भारत में आयोजित की गई थी। यह प्रतिष्ठित परीक्षा पिछले 16 वर्षों से जेईई और नीट के इच्छुक छात्रों के लिए सुनहरा अवसर प्रदान कर रही है। इस परीक्षा में कटनी के टॉप परफार्मर्स में गर्वित खंडेलवाल कक्षा दसवी ने एमपी में प्रथम रैंक और ऑल इंडिया में 125वी रेंकिंग, उदित मलिक कक्षा 12वी ने एमपी में 14 रैंक और ऑल इंडिया में 317 वी रेंकिंग, देवांश राज तिवारी कक्षा 12वी ने एमपी में 23 रैंक और ऑल इंडिया में 537 वी रेंकिंग, अनुष्का सिंह बघेल कक्षा 12वी ने एमपी में 29 रैंक एवं ऑल इंडिया में 1122 वी रेंकिंग एवं हिमाक्षी खन्ना कक्षा 10वी ने एमपी में 132 रैंक एवं ऑल इंडिया में 3239 वी रेंकिंग प्राप्त की है। आकाश इंस्टीट्यूट कटनी में इन उत्कृष्ट विद्यार्थियों के सम्मान में एक समारोह आयोजित किया गया, जिसमें टॉप रैंकर छात्रों एवं उनके अभिभावकों को सम्मानित किया गया। यह आयोजन विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, अनुशासन और उत्कृष्ट प्रदर्शन का प्रतीक रहा।

# विधिक सेवा सप्ताह कल से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं जितेन्द्र कुमार शर्मा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कटनी के मार्गदर्शन में विधिक जागरूकता को बढ़ावा देने, विभिन्न विधिक सेवा योजनाओं के बारे में जानकारी का प्रसार करने और समाज के कमजोर वर्गों के लिए न्याय तक बेहतर पहुँच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पूरे राज्य में 9 नवंबर से 14 नवंबर तक "न्यायोत्सवः विधिक सेवा सप्ताह 2025" का आयोजन किया जाएगा।

इस समारोह में 09 नवंबर को विधिक सेवा दिवस के अवसर पर न्यायोत्सव की शुरुआत जन जागरूकता मैराथन दौड़ के साथ प्रारंभ होगी। जिसका प्रारंभ 9 नवंबर को प्रातः 08:00 बजे झिंझरी पेट्रोल पंप से कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कटनी तक किया जावेगा। उक्त मैराथन दौड में नालसा-लोगो वाली टी-शर्ट और स्वयंसेवकों को टोपियाँ प्रदान की जाएँगी। "न्याय के लिए दौड़- कानूनी जागरूकता की ओर प्रत्येक कदम" विषय पर आधारित इस पहल का उद्देश्य जनभागीदारी और जागरूकता को मज़बूत करना है।

तत्पश्चात कार्यालय में कानूनी सेवाओं, योजनाओं एवं नागरिक अधिकारों को प्रदर्शित करने वाली प्रदर्शनी रखी जावेगी, जिसमें पोस्टर निर्माण और सार्वजनिक, पीएलवी, फ़ोटोग्राफ़ी प्रतियोगिताएँ, लघु भूमिका-नाटक (4-5 पैनल मिनट) कानूनी जागरूकता विषयों जैसे अधिवक्ता, "अपने अधिकारों को जानें", आदि पर आयोजित किए जाएँगे।

उक्त कार्यक्रम में विश्व शिक्षा दिवस (11 नवंबर) और बाल दिवस (14 नवंबर) पर आयोजित गतिविधियाँ शामिल होंगी। कार्यक्रमों को प्रभावशाली बनाने के लिए पैरालीगल स्वयंसेवकों, पैनल अधिवक्ताओं, कानूनी सहायता बचाव पक्ष के परामर्शदाताओं, गैर सरकारी संगठनों, शैक्षणिक संस्थानों और सामुदायिक प्रतिनिधियों की भागीदारी रहेगी।

### छेड़छाड़ के आरोपितों को भेजा जेल

**स्लीमनाबाद।** पुलिस के द्वारा तेवरी मे महिलाओं से छेड़छाड़ करने वालों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायलय पेश किया गया जहाँ से उन्हें जेल भेज दिया।



थाना प्रभारी सुदेश सुमन ने बताया कि आवेदिका ने थाना में एक लिखित आवेदन देकर राजुल असाटी एवं प्रकाश असाटी निवासी ग्राम तेवरी के विरुद्ध उसके एवं उसकी सहेली के साथ बदतमीजी कर मारपीट करने के संबंध में दिया। आवेदिका की रिपोर्ट पर थाना स्लीमनाबाद में धारा 74, 75, 76, 115(2) ,3(5) बीएनएस का कायम कर विवेचना में लिया गया। विवेचना दौरान आरोपियों को शुक्रवार को गिरफतार कर न्यायालय में पेश किया जहां से वारंट तैयार होने के बाद जिला जेल कटनी भेजा गया। आरोपियों की गिरफ्तारी में सउनि मानकी धुर्वे, प्रआर शेख यूसुफ, प्रआर अंकित दुबे, आर आशीष, आर रोहित की विशेष भूमिका रही।

### भागवत कथा में हर्षोल्लास से मनाया गया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव



नगर निगम सामुदायिक भवन में श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। जन्म होते ही भक्त जमकर झूमे पुष्प वर्षा कर उत्सव मनाया। कथा प्रवाचक अयोध्या धाम से पधारे आचार्य श्रीवत्स महाराज ने कहा कि मनुष्य के जीवन में अच्छे व बुरे दिन प्रभु की कृपा से ही आते हैं। उन्होंने कहा कि जिस समय भगवान कृष्ण का जन्म हुआ, जेल के ताले टूट गये। पहरेदार सो गये।वासुदेव व देवकी बंधन मुक्त हो गए। प्रभु की कृपा से कुछ भी असंभव नहीं है। भगवान का जन्म होने के बाद वासुदेव ने भरी जमुना पार करके उन्हें गोकुल पहुंचा दिया। वहां से वह यशोदा के यहां पैदा हुई शक्तिरूपा बेटी को लेकर चले आये। कृष्ण जन्मोत्सव पर नंद के घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की गीत पर भक्त जमकर झूमे। इस अवसर पर महापौर प्रीति सूरी ने पुष्पमाला सिविल लाइन राजयोग केंद्र संचालिका बीके लक्ष्मी बहन,मंगला बहन, अनीता बहन ने महाराज का माला और पगडी शाल पहना कर सम्मान किया । वही महाराज ने राधे राधे लिखा धार्मिक पटका पहनाकर स्वागत किया ।पूरे परिसर में भक्ति उल्लास और प्रेम का अद्भुत वातावरण रहा।

# सुरक्षा उपाय एवं हेल्पलाइन नंबरों की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

पुलिस विभाग के द्वारा इन दिनों मुस्कान विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत बहोरीबंद पुलिस द्वारा जेपीजी हायर सेकेण्डरी स्कूल मे जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जहाँ गुड़ टच -बैड टच के साथ सुरक्षा संबंधी जानकारियां प्रदान की गईं। थाना प्रभारी अखिलेश दाहिया ने कहा कि आज भी युवतियों, बच्चियों व महिलाओं के साथ छेड़छाड़ से जुड़े बहुत सारे मामले सामने आते है।कई बार ये देखा जाता है कि लड़कियां इस बात को इग्नोर करके आगे बढ़ जाती है,लेकिन आपको अनदेखा नही करना है।बल्कि शोहदों से डरे नही ,बल्कि उनसे फाइट करें। बेटियां हर समय सचेत और अलर्ट



रहे।सबसे पहले अपने आसपास वाले लोगो के बारे मे जाने की उनकी नियत कैसी है।बहुत सारे पेरेंट्स अपनी बेटी को इस तरह की स्थिति से बचना सिखाते है,लेकिन ऐसा नही करना चाहिए और खुद के लिए लड़ना सिखाये।माता-पिता इस स्थिति मे बेइज्जती ओर बदनामी के डर से अपनी बेटी को ही घर मे बिठाने लगते है और उसे ही बुरा भला सुनाने लगते है।लेकिन ऐसा न करें ,हर हाल मैं उनकी सहायता करें।साथ ही साइबर ,यातायात ,महिला हेल्पलाइन 1090,चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 एवं डायल 100 के संबंध में जानकारियां दी गई।साथ ही कहा कि जब भी आपके साथ कोई किसी भी प्रकार की घटना के लिए दुस्साहस करता है तो तत्काल विरोध करें।

### सोलर लाइट खरीदी में वित्तीय अनियमितताओं पर सीईओ ने की सुनवाई

# समाधान कारक उत्तर नहीं पाए जाने पर होगी 22.36 लाख रुपए की वसूली एवं कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जनपद पंचायत बहोरीबंद की 10 ग्राम पंचायतों के द्वारा मप्र भंडार क्रय नियमों का पालन नहीं करते हुए सोलर लाइट क्रय करने पर विहित प्राधिकारी एवं जिला पंचायत की सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने सख्त रुख अपनाया है। जीरो टॉलरेंस की नीति को दृष्टिगत रखते हुए ग्राम पंचायतों में की जा रही वित्तीय अनियमितताओ के विरुद्ध कार्यवाहियों को लेकर जिला पंचायत की सीईओ सुश्री कौर सजग, सतर्क और गम्भीर है।

### इन पंचायतों की हुई सुनवाई

विहित प्राधिकारी एवं जिला पंचायत की सीईओ सुश्री कौर ने निम्नांकित ग्राम पंचायतों के तत्कालीन सरपंच एवं सचिव पटना द्वारा आठ नग सोलर लाइट 2,64,000 रुपए, मसंधा 3 सोलर लाइट 99000 रुपए, पहरुआ 6 नग 2,10,000 रुपए, पोड़ी तीन नग 99000 रुपए, बुधनवारा 11 नग 3,63,000 रुपए, बचैया 7 नग 2,26,000 रुपए, नीमखेड़ा 8 नग 2,80,000 रूपये, सोमाकला पांच नग 1,65,000 रुपए, राखी चार नग 1,34,000 रुपए , निवास 12 नग 3,96,000 रुपए द्वारा नियम विरुद्ध सोलर लाइट खरीदी की जाने पर मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 की धारा 89 के तहत कार्यवाही किए जाने के संबंध में सुनवाई कर ग्राम पंचायतों का पक्ष जाना। विहित प्राधिकारी एवं जिला पंचायत की सीईओ सुश्री कौर ने बताया कि ग्राम पंचायतों का पक्ष समाधान कारक नहीं पाए जाने पर 22 लाख 36 हजार रूपए की वसूली की कार्रवाई उक्त 10 ग्राम पंचायतों से की जाएगी।



### सुनवाई के दौरान उपस्थित

विहित प्राधिकारी एवं जिला पंचायत की सीईओ सुश्री कौर के समक्ष सुनवाई के दौरान समस्त ग्राम पंचायतों के सचिवों ने उपस्थित होकर अपना पक्ष रखा। ग्राम पंचायतों के पक्ष को सुश्री कौर ने बड़े इत्मीनान से सुना।

## नुक्कड़ नाटक से दिया गया प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने का संदेश

# भगवान श्रीकृष्ण की रासलीला का कलाकारों ने किया मोहक मंचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

श्री बजरंग कटाये घाट मेला इस वर्ष विभिन्न नवाचारों के साथ एक आकर्षक स्वरूप में आयोजित किया जा रहा है। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी और निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देशन में मेले को प्लास्टिक मुक्त बनाने का लक्ष्य रखा गया है। जिसमें ना केवल प्लास्टिक के उपयोग को कम किया गया बल्कि मेले के दौरान स्वच्छता गतिविधियों और नुक्कड़ नाटकों का आयोजन किया जाकर लोगों में पर्यावरण और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता करने हेतु अमानक प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने का संदेश भी लोगों को दिया जा रहा है। जिसकी नागरिकों द्वारा मुक्तकंठ से



सराहना भी की जा रही है।

मेले के दौरान निगम की स्वच्छता टीम द्वारा मेले में विभिन्न प्रकार के स्टॉल्स, खाद्य व वस्त्र विक्रेताओं के साथ-साथ आने वाले नागरिकों को प्लास्टिक के नुकसान और इसके पर्यावरण पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी विभिन्न माध्यमों से दी गई। खासकर, नुक्कड़ नाटक के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि प्लास्टिक का अत्यधिक उपयोग न केवल प्राकृतिक संसाधनों को नष्ट करता है, बल्कि स्वास्थ्य के लिए भी हानिकारक है।कार्यक्रम में नगर निगम की नियुक्त एजेंसी के सदस्यों ने मिलकर इस पहल को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।




महापौर श्रीमती सूरी ने बताया कि इस तरह के आयोजनों से हम लोगों को एक साथ लाकर पर्यावरण संरक्षण के महत्व को समझा कर सकते हैं। प्लास्टिक के इस्तेमाल को कम करना हमारी प्राथमिकता है।

### श्रीकृष्ण रासलीला का मंचन

मेले में श्रीकृष्ण रासलीला का मनमोहक मंचन किया गया। कलाकारों द्वारा भगवान श्रीकृष्ण और राधा रानी की लीलाओं का सजीव चित्रण देख श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। रासलीला के दौरान पूरे पंडाल में "श्याम नाम" के जयकारे गूंजते रहे। रासलीला आयोजन के दौरान मेले का पूरा वातावरण भक्तिमय देखने को मिला।

# पांच सचिवों और चार रोजगार सहायकों के वेतन आहरण पर आगामी आदेश तक रोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

ई-केवाईसी के अभाव में, केंद्र सरकार एवं राज्य शासन द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं के लाभ से आमजन वंचित न रहे इसके लिए जिला पंचायत की सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर द्वारा सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को शत प्रतिशत ई-केवाईसी कार्य पूर्ण कराने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी अनुक्रम में ई केवाईसी कार्य में अपेक्षित प्रगति नहीं लाने पर जनपद पंचायत रीठी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी राजेश नरेंद्र सिंह ने ई-केवाईसी कार्य की प्रगति 75% से कम होने पर पांच ग्राम पंचायत के सचिवों एवं चार ग्राम पंचायत के ग्राम रोजगार सहायकों के माह अक्टूबर 2025 के वेतन आहरण पर आगामी आदेश तक रोक लगा दी है। उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन एवं जिला पंचायत द्वारा बार-बार निर्देश देने के बाद भी ग्राम पंचायत इमलाज के सचिव राजकुमार श्रीवास, तिलगवा के सचिव शिवकुमार यादव और सुदर्शन राजभर, कैमोरी के सचिव सुदामा प्रसाद यादव एवं जीआरएस कृष्णकांत मिश्रा, रैपुरा के सचिव राजेंद्र प्रसाद तिवारी एवं जीआरएस मनीष कुमार गौतम, बरजी के जीआरएस रामविशाल पटेल एवं करैहया नंबर 1 के जीआरएस शिवदयाल पटेल द्वारा निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध ईकेवाईसी कार्य 75% से कम कार्य किया गया है। रीठी सीईओ ने अन्य ग्राम पंचायतों के सचिवों एवं ग्राम रोजगार सहायकों के विरुद्ध भी अपेक्षित प्रगति नहीं लाई जाने पर कार्रवाई का उल्लेख किया है।

## खबर संक्षेप



### कृत्रिम गर्भाधान का दिया जा रहा प्रशिक्षण

**कटनी।** कृत्रिम गर्भाधान में जिले की स्थिति में सुधार लाने हेतु कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर दयोदय पशु सेवा केंद्र गौशाला कैलवाराखुर्द में आंशिक रूप से सक्रिय मैत्री कार्यकर्ताओं को पांच दिवसीय प्रायोगिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के प्रथम दिवस जिले के सभी विकासखंड से आये 25 मैत्री कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया गया। जिले में अभी 74 में से लगभग 25 कार्यकर्ता ही कृत्रिम गर्भाधान कार्य में सक्रिय हैं। प्रशिक्षण में प्रत्येक दिवस कम से कम 5 से 7 गायों में एआई पूर्व तैयारी, एआई के दौरान सावधानी, सर्विक्स फीलिंग, एआई गन प्रोपेगेशन सीमेन डिपोजिशन, रिपीट ब्रीडर और एनइस्ट्रस एनीमल ट्रीटमेंट आदि समस्त गतिविधियों के समुचित सम्पादन के लिए जिले के वरिष्ठ एवं अनुभवी चिकित्सकों एवं सहायक स्टाफ द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह प्रशिक्षण 25-30 गौवंश पशुओं में दिया जायेगा। प्रशिक्षण के दौरान डॉ. सुमंत वर्मा सिविल सर्जन जिला पशु चिकित्सालय, डॉ दीक्षा लाड़े व्हीईओ, डॉ. साकेत मिश्रा, डॉ. रवि सोनी ढीमरखेड़ा, डॉ. जगदंबा मानिक रीठी, एव्हीएफओ अतुल भुजिया, रामजी बर्मन, गौशाला प्रबंधक चतुर्वेदी, संतीलाल आदि उपस्थित रहे।

### कलेक्टर ने की प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के प्रगति की समीक्षा

**कटनी।** प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (विस्तारित चरण) 3.0 के क्रियान्वयन की कलेक्टर आशीष तिवारी की अध्यक्षता में शुक्रवार को समीक्षा की गई। बैठक में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना में कनेक्शन जारी करने, जारी कनेक्शन की जांच सहित योजना की पात्रता के संबंध में चर्चा की गई। इस दौरान जिला पंचायत की सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर मौजूद रहीं। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना से वंचित पात्र उपभोक्ताओं को गैस एजेंसी द्वारा डिप्राइवेशन डिक्लेरेशन (Deprivation Declaration) फॉर्म उपलबध कराये जायें। जांच में सही पाये जाने पर गैस कनेक्शन जारी किये जाने के कलेक्टर ने निर्देश दिए। जारी कनेक्शन में से 5 फीसदी कनेक्शन की जांच जिला स्तरीय कमेटी द्वारा की जायेगी। इसके अतिरिक्त परिवार में किसी भी सदस्य का पूर्व से गैस कनेक्शन होने पर परिवार के अन्य सदस्य को उज्जवला गैस कनेक्शन की पात्रता नहीं होगी। बैठक के दौरान जिला आपूर्ति अधिकारी सज्जन सिंह परिहार, रेनू वर्मा नोडल अधिकारी प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना एवं अर्पित शिवहरे सेल्स ऑफिसर आईओसीएल उपस्थित रहे।

### स्काउट गाइड के स्थापना दिवस पर हुए विभिन्न आयोजन



**कटनी।** भारत स्काउट गाइड मध्य प्रदेश के राज्य मुख्यालय भोपाल के निर्देश पर जिला स्तर पर कलेक्टर आशीष तिवारी को शुक्रवार को भारत स्काउट गाइड के स्थापना दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ स्टीकर लगाकर किया और स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी। भारत स्काउट गाइड स्थापना दिवस के अवसर पर जिले के सभी दलों में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया और स्काउट गाइड द्वारा स्थापना दिवस को सेलिब्रेट किया गया। इस अवसर पर जिले के जिला शिक्षा अधिकारी पदेन जिला कमिश्नर स्काउट श्याम सिंह मरावी, जिला संगठक ललित कुमार मिश्रा, डी टी सी स्काउट श्री त्रिलोक डेहरिया, जिला सचिव गणेश प्रसाद चौरिहा, डी.टी.सी गाइड श्रीमती सुश्री सायरा, डीओसी गाइड सुश्री निर्मला बनर्जी, श्रीमती शुभम उरमालिया, लिया गाइडर सांदीपनि उमावि कटनी सहित विभिन्न विद्यालयों के स्काउट गाइड रोवर रेंजर उपस्थित रहे।

---

**लंबित जल प्रदाय योजना का संयुक्त निरीक्षण कर एक सप्ताह में कराएं हैंडओवर**

# हैंडओवर की प्रक्रिया में तय मानकों का सख्ती से पालन कराये जाने दिये निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



ग्राम पंचायतों को जल प्रदाय योजनाओं को हैंड ओवर करने की प्रक्रिया में शासन द्वारा तय मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित हो। साथ ही पूर्ण और दो वर्ष से लंबित जलप्रदाय योजनाओं का संबंधित जनपद पंचायत के सीईओ और पीएचई विभाग द्वारा एक सप्ताह में संयुक्त निरीक्षण कर पूर्ण जल प्रदाय योजनाओं का पंचायतों को हैंडओवर करायें। कलेक्टर आशीष तिवारी ने यह निर्देश शुक्रवार को यहां कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक में दिये। इस मौके पर जिला पंचायत की सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर भी मौजूद रहीं।

कलेक्टर ने सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रगतिरत नलजल योजनाओं मे शेष बचे हुए कार्यो का निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के मैदानी अमला एवं कार्य एजेन्सी इन प्रगतिरत ग्रामों को पूर्ण कर शासन द्वारा निर्धारित हस्तांतरण के दिशा-निर्देश के अनुसार जल प्रदाय योजना संबंधित ग्राम पंचायत को हस्तांतरित करते हुए पंचायत को हर-घर जल घोषित एवं प्रमाणीकरण का कार्य किया जाना सुनिश्चित करें।

कलेक्टर श्री तिवारी ने कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को निर्देशित किया कि पिछले एक-दो महीने से ट्रायलरन में संचालित योजनाओं की सूची तैयार कर जिला पंचायत सीईओ को उपलब्ध करायें। जिससे हस्तांतरण कार्य में गति आ सके।

कलेक्टर श्री तिवारी ने कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को निर्देशित किया कि अपने स्तर पर सभी ठेकेदारो को पत्र के माध्यम से निर्धारित समय अवधि में जल जीवन मिशन के अंतर्गत शेष कार्यो को पूर्ण करने हेतु निर्देशित करने की हिदायत दी। कलेक्टर ने कहा कि जिस कार्य एजेन्सी द्वारा इन कार्यो को समय-सीमा में पूर्ण नहीं किया जाता एवं लापरवाही बरती जा रही है, उस कार्य एजेन्सी की रिपोर्ट प्रस्तुत कर आगामी एक महीने में समीक्षा बैठक पुनः बुलाई जाए। और इस बैठक में ठेकेदारो की उपस्थिति अनिवार्य रहेगी।

बैठक में जिला पंचायत सीईओ सुश्री कौर ने सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित किया कि यदि योजना ग्राम पंचायत को हस्तांतरित हैं एवं संचालन संधारण ग्राम पंचायत द्वारा किया जा रहा है तो अंशदान की राशि एवं पेयजल शुल्क वसूलने की कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करें एवं पंचायत दर्पण पोर्टल पर प्रविष्टी कराने के निर्देश सभी ग्राम पंचायतो को देवें। जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक मे विकासखण्ड बहोरीबन्द के 32 अप्रारम्भ ग्रामों मे पेयजल व्यवस्था हेतु कूड़न जलाशय से जल निगम मर्यादित पन्ना को पेयजल उपलब्ध कराने हेतु कलेक्टर श्री तिवारी ने जल संसाधन विभाग एवं जल निगम मर्यादित पन्ना को आपसी समन्वय बनाते हुए प्रस्ताव तैयार कर राज्य शासन को प्रेषित करने के निर्देश दिए।

#### पवई-2 समूह जल प्रदाय योजना की समीक्षा

बैठक में जल जीवन मिशन अंतर्गत पवई-2 समूह जल प्रदाय योजना के कार्यो की समीक्षा की गई। योजना अंतर्गत कटनी जिले में लाभान्वित विकासखंड रीठी एवं कटनी के विभिन्न ग्रामों चल रहे कार्यो की वास्तविक प्रगति की विस्तृत जानकारी महाप्रबंधक जल निगम पन्ना शिवम सिन्हा द्वारा प्रस्तुत किया गया। योजना अंतर्गत इंटेक वेल 90 प्रतिशत, जलशोधन संयंत्र 40 प्रतिशत, पाइप लाइन 60 प्रतिशत कार्य पूर्ण होने की जानकारी दी गई। कलेक्टर ने इस पर और प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए।

---



## अधूरे पड़े निर्माण कार्यों को जल्द पूर्ण करने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उमरियापान

जिला पंचायत सीईओ हरमनप्रीत कौर ने उमरियापान- ढीमरखेड़ा क्षेत्र का दौरा किया। ग्राम पंचायतों द्वारा कराएं जा रहे निर्माण कार्यों को देखा। अधूरे पड़े कार्यों को जल्द पूर्ण कराने के निर्देश जनपद सीईओ को दिए। उमरियापान के अँधेली बाग खेल मैदान पर निर्मित हो रहे भवन निर्माण कार्य का जायजा लिया। उन्होंने ग्राम पंचायत के सचिव सरपंच को निर्देशित किया कि अधूरे पड़े कार्य को जल्द ही पूर्ण कराएं।

बम्हनी ग्राम पंचायत के मडेरा स्थित कृषक सुविधा केन्द्र का निरीक्षण किया। भारत के भागौलिक केन्द्र बिन्दु करौंदी का भी निरीक्षण किया। यहाँ ग्राम पंचायत द्वारा केंद्र बिंदु प्रवेश शुक्ल स्थानीय ग्रामीणों से 20रुपये जबकि बाहरी व्यक्तियों से 30 रुपये लेना निर्धारित किया गया था। लेकिन निर्धारित शुल्क पर ग्रामीणों का आना कम हुआ। जिस पर जिला सीईओ ने निर्धारित शुल्क को कम करने के निर्देश दिए। उन्होंने वाटरशेड के तहत बनाये गए तालाब और खेत तालाब का निरीक्षण किया।सिमरिया में निर्माणाधीन पंचायत भवन,स्टॉपडेम का निरीक्षण किया। वहीं रामपुर बरेली में भी निर्माणाधीन ग्राम पंचायत भवन और सामुदायिक का निरीक्षण किया और कार्य को गुणवत्ता पूर्ण जल्द करने के निर्देश दिए।

इस मौके पर जनपद सीईओ यजुवेंद्र कोरी,सहायक यंत्री अजय केशरवानी,परियोजना अधिकारी ऋषिराज चढ़ार,एसबीएम डीसी कमलेश सैनी, उपयंत्री सुमित साहू, प्रदीप यादव, बीसी संतोष पाठक,एपीओ धर्मेंद्र पटेल,सचिव राजकुमार पटेल, सतीश गौतम, जीआरएस अतुल चौरसिया, प्रमिला बाजपेयी सहित अन्य की मौजूदगी रही।

---

### ताला तोड़कर सोने चांदी के जेवरात सहित नकदी पार

**कटनी।** स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पौनिया में चोरो ने घर का ताला तोडकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। रखे चांदी सोने के जेवरात एवं नगदी रुपये चोरी कर चंपत हो गए। पुलिस के अनुसार पौनिया निवासी प्रकाश चौधरी पिता लल्ला चौधरी 32 साल ने अपनी शिकायत में बताया कि 6 नवंबर को अज्ञात व्यक्ति ने ताला तोड़कर घर में चोरी की। बदमाश घर में रखी चांदी की पायल, चांदी का कडा , चांदी के दो डोरे , चांदी की पांच चैन एवं सोने का लाकेट सहित अन्य सामान ले गए। चोरी गए सामान की कीमत करीब 60000 रूपए आंकी गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर चोरों की पतासाजी का प्रयास कर रही है।

## देश की पहली डिजिटल जनगणना की तैयारी तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

भारत की जनगणना 2027 एक ऐतिहासिक पहल के रूप में देश की प्रथम डिजिटल जनगणना का पूरा कार्य पारंपरिक कागजी प्रक्रिया के बजाय मोबाइल एप के माध्यम से डिजिटल रूप से संपादित किया जाएगा। पूर्व की भांति जनगणना 2027 दो चरणों में सम्पन्न होगी। प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य किया जाएगा, जबकि द्वितीय चरण में जनसंख्या की गणना संपादित की जाएगी। प्रमुख जनगणना अधिकारी एवं निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने आगामी 2027 जनगणना कार्य को सुचारू रूप से संपन्न कराने हेतु आदेश जारी कर नगर जनगणना अधिकारी एवं जोनल चार्ज जनगणना अधिकारियों की नियुक्ति की जाकर निर्धारित दिशानिर्देशों के अनुरूप जनगणना कार्यों का संचालन सुनिश्चित करानें के निर्देश दिए है। जारी आदेश के अनुरूप उपायुक्त शैलश गुप्ता को वार्ड क्रमांक 1 से 45 तक नगर जनगणना अधिकारी बनाया है। वहीं प्रभारी कार्यपालन यंत्री सुधीर मिश्रा को वार्ड क्रमांक 1 से 15 तक क लिए जोनल चार्ज जनगणना अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार असित खरे को वार्ड क्रमांक 16 से 30 तक एवं अंशुमान सिंह को वार्ड क्रमांक 31 से 35 एवं 37 से 45 तक जोनल चार्ज जनगणना अधिकारी नियुक्त किया कार्य को समय सीमा में कराने के निर्देश दिए है।

### कार्यो को संपादित करने नियुक्त किया प्राधिकृत अधिकारी

**कटनी।** निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने निगम सीमान्तर्गत भवनों, भू-खंडों, दुकानों तथा निगम स्वामित्व की संपदा शाखा की पूर्व विघटित नगर सुधार न्यास योजनाओं, ट्रांसपोर्ट नगर बाजार शाखा के भवनों, दुकानों, भू-खंडों के नियमानुसार अनुबंध, पंजीयन, रजिस्ट्री, नामांतरण, कर एवं किराया वसूली, स्वामी विवेकानंद सभागार ऑडिटोरियम एवं निकाय के सामुदायिक भवनों का आरक्षण एवं निर्धारण शुल्क जमा करने अमानत राशि वापस करने संबंधी समस्त कार्यो को विधि अनुरूप संपादित किये जाने की कार्यवाही हेतु प्राधिकृत अधिकारी जागेश्वर पाठक को परिषद एवं एमआईसी के निर्णयों के प्रकाश में नियमानुसार दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए है।

### मैपिंग कार्य की धीमी प्रगति पर कलेक्टर ने जताई नाराजगी



कलेक्टर आशीष तिवारी गुरुवार को औचक निरीक्षण पर स्लीमनाबाद तहसील पहुंचे। उन्होंने यहां मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण- 2026 के तहत बहोरीबंद अनुविभाग के कार्य की समीक्षा की। इस दौरान एसडीएम बहोरीबंद राकेश कुमार चौरसिया और तहसीलदार आकाशदीप नामदेव सहित बीएलओ भी मौजूद रहे। कलेक्टर श्री तिवारी ने निर्देशित किया कि सभी बीएलओ बेहतर प्रयास और कड़ी मेहनत कर बीएलओ एप में मैपिंग कार्य में प्रगति लायें। कलेक्टर श्री तिवारी ने बहोरीबंद विधानसभा क्षेत्र के मतदान केन्द्र क्रमांक 119 की बीएलओ लक्ष्मी हल्दकार द्वारा अभी तक मात्र 45 फीसदी ही मैपिंग कार्य होने पर नाराजगी जाहिर करते हुये प्रगति को बढ़ानके की हिदायत दी। वहीं स्लीमनाबाद के मतदान केन्द्र क्रमांक 138 के बीएलओ संतोष लाल कोल एवं मतदान केन्द्र क्रमांक 139 के बीएलओ गजानंद पटेल और मतदान केन्द्र क्रमांक 141 के बीएलओ आदिनारायण सोनी को मैपिंग कार्य में गति लाने के निर्देश दिए। एसडीएम श्री चौरसिया ने बताया कि वर्तमान में बहोरीबंद अनुविभाग में बीएलओ एप पर करीब 67 फीसदी मैपिंग कार्य हो चुका है।

---

## सुपर सीडर' से गेहूँ की बोनी और 'वेंचुरी' तकनीक से जीवामृत का उपयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद



स्लीमनाबाद तहसील की ग्राम पंचायत लखनवारा के प्रगतिशील किसानों ने आधुनिक कृषि तकनीक को अपनाकर खेती की एक नई दिशा दिखाई है। इन किसानों ने धान की कटाई के बाद खेत में बचे फसल अवशेष (नरवाई) का बेहतरीन प्रबंधन किया और एक साथ कई नवाचारों को अपनाया है।

लखनवारा गाँव के किसानों ने धान की कटाई कंबाइन हार्वेस्टर से करने के बाद, खेत में बिना जुताई किए सीधे सुपर सीडर यंत्र से गेहूँ की बुवाई की है। सुपर सीडर यंत्र, नरवाई को मिट्टी में मिलाते हुए एक ही बार में बुवाई का काम करता है, जिससे समय और ईंधन की बचत होती है। नरवाई जलाने की समस्या समाप्त होती है, जिससे पर्यावरण प्रदूषण रुकता है। साथ ही मिट्टी का कार्बनिक पदार्थ बरकरार रहता है।वेंचुरी तकनीक से मृदा स्वास्थ्य में क्रांति-किसानों ने खेत के मृदा स्वास्थ्य और जीवांश पदार्थ को बढ़ाने के लिए एक अभिनव तकनीक का उपयोग शुरू किया है। वे सिंचाई के दौरान वेंचुरी उपकरण का उपयोग कर रहे हैं।


वेंचुरी एक ऐसा उपकरण है जो सिंचाई प्रणाली में सीधे जीवामृत को मिला देता है। इससे हर सिंचाई के साथ जीवामृत खेत में पहुँचता रहता है। जिससे मिट्टी का ऑर्गेनिक कार्बन या जीवांश पदार्थ बढ़ता है और मिट्टी का स्वास्थ्य बहुत अच्छा हो जाता है। स्वस्थ मिट्टी सीधे तौर पर बेहतर और उच्च उपज में योगदान करती है।

---

*स्लीमनाबाद में टनल के खनन कार्य का कलेक्टर ने अधिकारियों के साथ किया निरीक्षण*

## 630 मीटर ही शेष बचा टनल खनन कार्य, जनवरी 2026 तक पूरा होने का अनुमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



कटनी सहित 4 अन्य जिलों के किसानों के लिये जीवन रेखा साबित होने वाली अपर नर्मदा बरगी दायीं तट नहर का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। कलेक्टर आशीष तिवारी ने स्लीमनाबाद टनल की खुदाई स्थल का निरीक्षण किया और अधिकारियों को जनवरी 2026 तक खनन कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। वर्तमान में टनल खनन का मात्र 630 मीटर कार्य ही शेष बचा है। तकनीकी अमला युद्धस्तर पर कार्यरत है।

निरीक्षण के दौरान एसडीएम बहोरीबंद राकेश कुमार चौरसिया, तहसीलदार आकाशदीप नामदेव, कार्यपालन यंत्री नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण सहज श्रीवास्तव,एसडीओ द्वय नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण दीपक मंडलोई और दिलीप सिंह सहित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

कलेक्टर श्री तिवारी ने अंडरगाउण्ड लोको ट्रेन से करीब 7 किलोमीटर तक टनल में जाकर टनल की खुदाई करने वाली टीबीएम मशीन द्वारा खुदाई स्थल तक पहुंचकर निरीक्षण किया। कार्यपालन यंत्री नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण सहज श्रीवास्तव ने बताया कि दायीं तट नहर का कार्य पूर्ण हो जाने के बाद कटनी जिले की 21 हजार 823 हेक्टेयर कृषि भूमि सिंचित हो सकेगी। जबलपुर से सतना जिले तक टनल की लंबाई करीब 11 हजार 953 मीटर रूपांकित है, जिसमें से मात्र 630 मीटर टनल की ही खुदाई किया जाना शेष है। इस दायीं तट नहर से मैहर के 54 हजार 227 हेक्टेयर कृषि भूमि और सतना जिले के 1 लाख 4 हजार 990 हेक्टेयर भूमि ,पन्ना जिले के 448 हेक्टेयर भूमि तथा रीवा जिले के 3 हजार 84 हेक्टेयर कृषि भूमि को मिलाकर इस टनल के पूर्ण होने के बाद करीब 1 लाख 85 हजार हेक्टेयर से अधिक कृषि भूमि सिंचित हो सकेगी।

प्रोजेक्ट मैनेजर उग्रसेन सिंह ने बताया कि टनल की खुदाई में पानी के तेज रिसाव और कैविटी की वजह से टीबीएम मशीन के परिचालन में तकनीकी दिक्कत आती है। जिससे कई बार कटर क्षतिग्रस्त हो जाता है और कटर को बदलने में भी समय लगता है।

टनल खनन निरीक्षण के पहले कलेक्टर श्री तिवारी ने स्लीमनाबाद में करीब 25 करोड़ रूपये की लागत से निर्माणाधीन सॉफ्ट कार्य का भी निरीक्षण किया और कार्य में गति लाने के निर्देश दिए।

---

**बस स्टैंड आडिटोरियम में हुआ सामूहिक राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम का गायन**

## "वंदे मातरम" के 150 वर्ष पूरे होने पर हुई मैराथन दौड़, विजेता पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी




राष्ट्रीय गीत "वंदे मातरम" के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में शुक्रवार 7 नवंबर को कटनी जिले के बस स्टैंड ऑडिटोरियम में आयोजित जिला स्तरीय स्मरणोत्सव कार्यक्रम में मौजूद छात्र -छात्राओं, नागरिकों और शासकीय कर्मियों ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा नई दिल्ली के सीजीओ कॉम्प्लेक्स में स्थित पंडित दीनदयाल अंत्योदय भवन के मंथन हॉल से दिए गए संबोधन के सीधे प्रसारण को लोगों ने वर्चुअली देखा और सुना। प्रधानमंत्री ने इस दौरान ₹वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024 पर संयुक्त समिति₹ पुस्तिका का भी विमोचन किया ।

इस मौके पर विधायक मुड़वारा संदीप जायसवाल , महापौर श्रीमती प्रीति सूरी, कलेक्टर आशीष तिवारी, पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा,जिला पंचायत सीईओ एवं नोडल अधिकारी सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ संतोष डेहेरिया, जिला भाजपा अध्यक्ष दीपक टंडन सोनी, संयुक्त कलेक्टर जितेन्द्र पटेल,एसडीएम कटनी प्रमोद कुमार चतुर्वेदी,डिप्टी कलेक्टर एवं सहायक नोडल अधिकारी ज्योति लिल्हारे एवं डिप्टी कलेक्टर द्वय प्रदीप मिश्रा एवं विंकी सिंहमारे उइके,तहसीलदार आशीष अग्रवाल, नायब तहसीलदार अतुलेश सिंह,जनपद पंचायत कटनी सीईओ प्रदीप सिंह सहित गणमान्य जन और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

इसके पूर्व देशभक्ति और कृतज्ञता की सामूहिक अभिव्यक्ति के साथ डी. ए. व्ही. स्कूल, तिलक राष्ट्रीय स्कूल एवं सेक्रेटहार्ड स्कूल के कक्षा 10वीं एवं 12वीं की छात्र-छात्रायें, नागरिक और शासकीय कर्मचारी बस स्टैंड आडिटोरियम से जगन्नाथ चौक (चांडक चौक) तक उमंग और उत्साह के साथ मैराथन दौड़ में शामिल हुए।

इसके बाद मैराथन दौड़ वापस बस स्टैंड आडिटोरियम पहुंचीं। लोगों ने यहां राष्ट्रीय गौरव और एकता का अलख जगाती कालजयी रचना वंदे मातरम् का सामूहिक गायन किया। यहां के अलावा जिले के स्कूलों, कालेजों और अन्य स्थानों में "वंदे मातरम" राष्ट्रीय गीत के 150 वर्ष पूरे होने का उत्सव पूरे हर्षोल्लास से मनाया गया।

गौरव, श्रद्धा और साझा पहचान के रूप में एकजुट करने वाले राष्ट्रीय गीत के सम्मान में जिले के लोगों ने भागीदारी की।

#### ये हुये पुरस्कृत

वंदे मातरम मैराथन दौड़ प्रतियोगिता के बालक वर्ग के विजेता आकाश केवट रहे। जबकि द्वितीय स्थान पर वंश सिंह राजपूत व तृतीय स्थान पर विजय निषाद रहे। इसी प्रकार बालिका वर्ग में प्रथम स्थान पर प्रीति सिंह, द्वितीय स्थान पर आयुषी सिंह और तृतीय स्थान पर विनाली जैन रहीं। इन विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

यहां यह बताते चलें कि वर्ष 2025 में वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे हो रहे हैं। ऐसा माना जाता है कि बंकिमचंद्र चटर्जी ने राष्ट्रीय गीत ₹वंदे मातरम₹ की रचना अक्षय नवमी के पावन अवसर पर, 7 नवंबर 1875 के दिन की थी।

---

## बीएलओ सुपरवाइजर पर कार्रवाई के लिए भेजा प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जिले में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 कार्य के दौरान अपने कर्तव्य से अनुपस्थित रहने पर बीएलओ सुपरवाइजर त्रिभुवन सिंह के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई का प्रस्ताव कलेक्टर आशीष तिवारी को भेज दिया गया है।

#### प्रशिक्षण में अनुपस्थित

एसडीएम कटनी प्रमोद कुमार चतुर्वेदी द्वारा जनपद पंचायत कटनी के उपयंत्री त्रिभुवन सिंह को मतदान केन्द्र क्रमांक 51 से 60 तक के लिए बीएलओ सुपरवाइजर का दायित्व सौंपा गया था, जिसके तहत उन्हें मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण कराना था। श्री सिंह 3 नवंबर को आयोजित सुपरवाइजर प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहे।

इसके बाद, एसडीएम श्री चतुर्वेदी द्वारा उनसे स्पष्टीकरण मांगा गया और कार्य प्रारंभ करने के लिए निर्देशित किया गया। जिसके जवाब में श्री सिंह ने दूरभाष पर यह सूचना दी कि वह विगत दिवसों से हड़ताल पर हैं, और उन्होंने अपने सुपरवाइजर के दायित्वों का निर्वहन प्रारंभ नहीं किया।

निर्देशों के बावजूद मतदाता सूची पुनरीक्षण जैसे महत्वपूर्ण निर्वाचन कार्य में श्री सिंह के अनुपस्थित रहने के कृत्य को एसडीएम कटनी श्री चतुर्वेदी ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 32 के तहत कदाचरण की श्रेणी में मानते हुये अनुशासनात्मक कार्यवाही का प्रस्ताव कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री तिवारी को संप्रेषित कर दिया है।

**खबर संक्षेप**

## देवेंद्रनगर में भाजपा की मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यशाला संपन्न

**पन्ना।** भारतीय जनता पार्टी देवेंद्रनगर मंडल द्वारा मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर एक संगठित कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश सह-मीडिया प्रभारी एवं पन्ना जिले के प्रभारी आशीष तिवारी उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अरविंद सिंह परिहार ने की। कार्यशाला में आशीष तिवारी ने कार्यकर्ताओं को मतदाता सूची के अद्यतन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि मतदाता सूची में सुधार, पुराने और गलत नामों की पहचान एवं उन्हें हटाने की प्रक्रिया किस प्रकार पारदर्शी रूप से की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता अपने-अपने बूथ पर संगठन की मजबूती के लिए सक्रिय भूमिका निभाए, यही सच्ची संगठन सेवा है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष अरविंद सिंह परिहार ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की ताकत, उसकी आत्मा और उसकी पहचान द उसके समर्पित कार्यकर्ता ही हैं। जब से देवेंद्रनगर मंडल में उन्होंने पदभार संभाला है, संगठन ने नई ऊर्जा और अनुशासन के साथ कार्य किया है। कार्यकर्ताओं का यह समर्पण भाजपा को नई ऊँचाइयों तक ले जाने की प्रेरणा देता है। कार्यशाला में वरिष्ठ भाजपा नेता उमेश शर्मा, अनिल बुंदेला, रामविश्वासी पटेल, पूर्व मंडल

### पीजी कॉलेज ग्राउंड में हुआ आयोजन

# राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की 150 वीं वर्षगांठ पर हुये विविध आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ के अवसर पर जिलास्तरीय मुख्य कार्यक्रम पी.जी कॉलेज ग्राउंड में आयोजित किया गया। इस अवसर पर अतिथि के रूप में पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री लखन पटेल, सांसद राहुल सिंह लोधी, दमोह विधायक एवं पूर्व मंत्री जयंत मलैया और जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल, उपाध्यक्ष डॉ. मंजू धर्मेन्द्र कटारे, महेश पटेल, कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर खासतौर पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, विद्यार्थियों और युवाओं ने भाग लिया। पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री लखन पटेल ने कहा आज का कार्यक्रम ऐतिहासिक रहा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने कहा है 7 नवंबर का दिन इतिहास में स्वर्णाक्षरों में लिखा जाएगा। राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ के अवसर पर देशभर में विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। राज्यमंत्री श्री पटेल ने कहा इस आयोजन में अनेक लोग विशेष रूप से जुड़े, खासकर युवाओं को वंदे मातरम के महत्व और उसके प्रत्येक शब्द के गूढ़ अर्थ से अवगत कराया गया। प्रधानमंत्री मोदी जी ने गीत के हर शब्द का अर्थ समझाते हुए यह बताया कि उससे मिलने वाली ऊर्जा वर्ष 2047 के अमृत काल विजन को साकार करने में प्रेरणास्रोत बनेगी। सांसद राहुल सिंह लोधी ने कहा कि इस वर्ष हम कई ऐतिहासिक अवसर मना रहे हैं सरदार वल्लभभाई पटेल, भगवान बिरसा मुंडा और वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे हुए हैं, साथ ही हॉकी के 100 वर्ष भी पूरे हुए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी के आह्वान पर ऐसे आयोजन राष्ट्र में नई चेतना और ऊर्जा का संचार करते हैं। उन्होंने आत्मनिर्भर भारत और हर घर स्वदेशी , घर-घर स्वदेशी के संकल्प को दोहराया और कहा कि 2047 तक भारत विश्वगुरु बनेगा।

दमोह विधायक एवं पूर्व मंत्री जयंत मलैया ने कहा कि यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री मोदी जी की सोच का परिणाम है। उन्होंने कहा कि देश का हर नागरिक यदि राष्ट्रनिर्माण में अपनी भूमिका निभाए, तो 2047 तक विकसित भारत का संकल्प अवश्य पूरा होगा।

जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल ने कहा कि वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने पर देशभर में कार्यक्रम आयोजित हुए हैं। उन्होंने कहा कि इस गीत की रचना बंकिमचंद्र चटर्जी ने बंगाली और संस्कृत में की थी, जिसका अर्थ है, "मैं तुम्हारी स्तुति करता हूँ माँ" उन्होंने कहा कि भारत माता के चरणों में नमन करते हुए हम सबको राष्ट्रसेवा का संकल्प लेना चाहिए।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के लाइव प्रसारण को पी.जी कॉलेज ऑडिटोरियम में अतिथियों और उपस्थित गणमान्य नागरिकों, अधिकारियों, कर्मचारियों ने देखा व सुना।

कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष प्रीति कमल ठाकुर, संगीता श्रीधर, राघवेन्द्र सिंह परिहार, भरत यादव, कविता राय, रमाकांत बाजपेयी, राजेंद्र चौरसिया, रिंकु गोस्वामी, जुगल अग्रवाल, नर्मदा एकता सिंह, बबली विश्वकर्मा, कृष्णा पटेल, डिप्टी कलेक्टर बृजेश सिंह, जन अभियान परिषद जिला समन्वयक सुशील कुमार नामदेव, जिला लोक सेवा प्रबंधन अधिकारी चक्रेश पटेल, महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. पी.के जैन, नगरपालिका सीएमओ राजेंद्र सिंह, सम्मानीय मीडियाजन मौजूद रहे।

# लघु वेतन कर्मचारी संघ ने ज्ञापन सौंपा




**दमोह।** 15 सूत्री मांगों को लेकर मध्यप्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ ने श्रीमान डिप्टी कलेक्टर बृजेंद्र सिंह के माध्यम से श्रीमान कलेक्टर महोदय जी को ज्ञापन सोपा दमोह मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ जिला शाखा दमोह द्वारा प्रांतीय आवाहन पर 15 सूत्री मांगों का ज्ञापन कलेक्टर महोदय दमोह द्वारा माननीय मुख्यमंत्री एवं माननीय मुख्य सचिव मध्य प्रदेश शासन भोपाल को प्रेषित किया गया । जिला अध्यक्ष प्रमोद अहिरवार ने बताया कि मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ के कर्मचारियों से संबोधित 15 सूत्री मांगों का ज्ञापन सोपा गया । जिसमें नियमित चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के रिक्त पदों पर सीधी भर्ती की जाए भ्रत्य नाम परिवर्तन कर कार्यालय सहायक नाम किया जाए। लघु वेतन कर्मचारी संघ को पदोन्नति का लाभ दिया जाए कर्मचारियों को वर्दी दी जाए। 45000 स्थाई कर्मी कर्मचारियों को नियमित सेवा के कर्मचारियों की तरह सभी प्रकार की सुविधा दी जाए आकस्मिक सेवा के कर्मचारियों को 300 दिन का अवकाश नगदी कारण का लाभ दिया जाए। दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को स्थाई कर्मी का लाभ दिया जाए। समस्त विभागों में लगे अंशकालीन कर्मचारियों को कलेक्टर दर पर या स्थाई कर्मी का दर्जा घोषित किया जाए कर्मचारियों का ग्रेड पेय केंद्री कर्मचारियों की तरह1800 रुपए ग्रेट पेय किया जाए । आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका समस्त विभागों में लगे आउटसोर्स कर्मचारी बन समिति के वनरक्षक हैं ग्राम रक्षक कोटवार वेगार प्रथा बंद करना मध्यान भोजन रसोईया एवं साझा चूल्हा रसोइयों को कम से कम 10000 रुपए वेतन दिया जाए आदि मांगों के संबंध में ज्ञापन सोपा गया । अगर सरकार कर्मचारियों की मांगों पर ध्यान नहीं देती है तो उग्र आंदोलन के लिए हम बाध्य रहेंगे । उपस्थित कर्मचारियों में लिपिक वर्गीय संयुक्त मोर्चा संरक्षक राकेश हजारी संयुक्त मोर्चा जिला अध्यक्ष स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष के,आर, पांडे सुरेंद्र सिकर्रा स्थाई कर्मी अध्यक्ष बबलू ठाकुर अजेक्स तहसील अध्यक्ष हरीश अहिरवार भूतपूर्व आजाद अध्यक्ष डॉ मोहन आदर्श आजाद संघ के अध्यक्ष राय साब संभागीय अध्यक्ष प्रवेंद्र जैन रोशन नायक कमलेश सेन कार्यवाहक अध्यक्ष मनोज चौबे संरक्षक शेख हनीफ खान उप संरक्षक धरमदास रोहित जिला उपाध्यक्ष जिला सचिव अभिषेक सिंह राजपूत उप सचिव सदन कटारया कोषाध्यक्ष शैलेंद्र अहिरवाल उपकोषाध्यक्ष जयंत गंगरा महासचिव देव कुमार रजक भगवती शरण चौबे संयुक्त सचिव राकेश प्रजापति राजकुमार अहिरवार प्रहलाद अठया विभागीय अध्यक्ष कलेक्ट अमित तिवारी विभागीय अध्यक्ष आउटसोर्स स्वास्थ्य कर्मचारी गजेंद्र अहिरवार महाविद्यालय अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष शिक्षा विभाग अध्यक्ष मुन्नालाल रैकवार, अंशकालीन प्रकोष्ठ अध्यक्ष भरत सेन, जिला प्रवक्ता अयाज उद्दीन खान, अमित अहिरवार कृष्णा वंशकार समस्त कर्मचारी उपस्थित रहें।

# जनप्रतिनिधियों ने खिलाड़ियों का किया उत्साहवर्धन



**दमोह।** प्रातः राष्ट्रीय खेल हॉकी के 100 वर्ष पूर्ण होने पर गौरवशाली शताब्दी समारोह के अवसर पर हॉकी टर्फ स्टेडियम, दमोह में सम्मिलित होकर जनप्रतिनिधियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। हॉकी सिर्फ एक खेल नहीं, ये हमारी पहचान और गर्व की अमर विरासत हैं। राज्यमंत्री लखन पटेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि हॉकी ने भारत को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है, युवा खिलाड़ियों को इस परंपरा को आगे बढ़ाना चाहिए। सांसद दमोह राहुल सिंह लोधी ने कहा हॉकी हमारे देश की शान है, जिसने भारत को विश्व पटल पर गौरव दिलाया है। युवा खिलाड़ी समर्पण और अनुशासन से खेल भावना को आगे बढ़ाएँ। विधायक जयंत कुमार मलैया ने कहा कि खेल अनुशासन, एकता और राष्ट्रप्रेम का माध्यम है, हमें हॉकी के स्वर्णिम इतिहास पर गर्व है। इस अवसर पर प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल, पूर्व मंत्री व दमोह विधायक जयंत कुमार मलैया, महेश पटैल, राघवेंद्र परिहार, भरत यादव, रमाकांत वाजपेयी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिक एवं खिलाड़ियों की उपस्थिति रही।

# पांच प्रकरणों में 11 हजार 500 रूपये का ईनाम घोषित

**दमोह।** पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी ने दमोह जिले के 05 प्रकरण में 11 हजार 500 रूपये का इनाम घोषित किया है। उन्होने 02 प्रकरणों में 05 आरोपियों एवं एक अज्ञात पर 07 हजार रूपये, 02 प्रकरणों में 02 संदेही आरोपियों पर 02 हजार रूपये तथा 01 फरार अज्ञात आरोपी पर 02 हजार 500 रूपये का इनाम घोषित किया है। पुलिस अधीक्षक श्री सोमवंशी ने प्रकरणों की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुये जिले के थाना दमोह देहात के अपराध क्रमांक 453/24 धारा 351, 64 (2) (m),87 बीएनएस एक्ट के तहत आरोपी प्रवेश यादव पिता उमाशंकर यादव निवासी एरोरा थाना दमोह देहात जिला दमोह पर 2500 रूपये का इनाम घोषित किया है। इसी प्रकार दमोह देहात के अपराध क्रमांक 709/25 धारा 115(2), 118 (1), 109, 3 (5) बीएनएस एक्ट के तहत आरोपी राजा यादव, नरेन्द्र यावद, मुकेश यादव, मदन यादव सभी ग्राम मझगुवां थाना गढ़ाकोटा जिला सागर पर एक-एक हजार रूपये एवं एक अज्ञात पर 500 रूपये का इनाम घोषित किया है। इनमें मदन यादव ग्वारी थाना तेजगढ़ निवासी है। इसी प्रकार थाना मड़ियादो का अपराध क्र. व 135/2024, धारा-137 (2) बीएनएस एक्ट के तहत संदेही आरोपी राहुल बंसल निवासी डोली थाना मडियादो जिला दमोह पर 01 हजार रूपये तथा थाना बटियागढ़ का अपराध क्र. 317/2025, धारा-137 (2) बीएनएस एक्ट के तहत संदेही आरोपी राहुल जादम निवासी पीथमपुर जिला धार पर 01 हजार रूपये का इनाम घोषित किया है। इसी प्रकार थाना हटा जिला दमोह का अपराध क्र. 345/25, धारा-331(4), 305ए बीएनएस एक्ट के तहत फरार अज्ञात आरोपी पर 02 हजार 500 रूपये का इनाम घोषित किया गया है।

# स्वास्थ्य विभाग द्वारा खंड-स्तरीय समीक्षा बैठक संपन्न

**दमोह।** डाइट संस्थान हटा में स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित खंड स्तरीय समीक्षा बैठक में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर शामिल हुए। बैठक में अनुविभागीय अधिकारी हटा राकेश मरकाम, बीएमओ डॉ. उमाशंकर पटेल सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, बीसीएम, सुपरवाइजर, एएनएम और आशा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने स्वास्थ्य अमले से कहा कि स्वास्थ्य विभाग का कार्य सेवाभाव का कार्य है, इसलिए सभी अपने-अपने क्षेत्र में मेहनत और निष्ठा से कार्य करें। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अंचलों में गर्भवती महिलाओं, शिशुवती माताओं और बच्चों का नियमित टीकाकरण और जांच समय पर करना आपकी जिम्मेदारी है। उन्होने स्पष्ट कहा कि हर जिम्मेदारी आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं पर न डालें। एएनएम केवल टीकाकरण का कार्य करें, आशा कार्यकर्ता प्रोत्साहन का कार्य करें, तथा अन्य अमला निगरानी की भूमिका निभाए। समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्री कोचर ने सख्त लहजे में कहा कि सभी कर्मचारी ईमानदारी से कार्य करें और जो भी समस्याएं आ रही हैं, उन्हें अधिकारी को बताएं। उन्होंने कहा कि अच्छा कार्य करने वाले स्वास्थ्यकर्मियों को सम्मानित किया जाएगा, इसके लिए दिसंबर और जनवरी माह में सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। उन्होने अनमोल पोर्टल की त्रुटियों का भी उल्लेख किया और निर्देश दिया कि सूची में नाम न आने वाली चिन्हित महिलाओं को भी स्वास्थ्य केंद्र तक लाने की जिम्मेदारी तय की जाए। उन्होंने केरल और दक्षिण भारत के राज्यों का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां महिलाओं की मृत्यु दर शून्य है - हमें भी ऐसा ही कार्य करना है। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा कि किसी भी गर्भवती महिला या बच्चे का टीकाकरण न छूटे, इसके लिए टीकाकरण का महाअभियान चलाया जा रहा है। उन्होने कहा हर कर्मचारी अपने कार्य को जिम्मेदारी से निभाए और मां-बच्चे के प्रति वही संवेदना रखे जैसी अपने परिवार के लिए रखते हैं।

# मडियादो के किला परिसर में कार्यक्रम आयोजित




हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

ग्राम पंचायत मडियादो के किला परिसर में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150वें स्मरणोत्सव के अवसर पर खंड स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जनपद पंचायत हटा अध्यक्ष गंगाराम पटेल, अनुविभागीय अधिकारी हटा राकेश मरकाम एवं सरपंच राधारानी ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन के साथ किया। कार्यक्रम में स्कूली छात्र-छात्राओं, अतिथियों, अधिकारियों और शिक्षकों ने सामूहिक रूप से वंदे मातरम का गायन किया। इसके बाद दिल्ली से आयोजित मुख्य कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा गया, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का प्रेरक संदेश सुना गया। जनपद पंचायत हटा अध्यक्ष गंगाराम पटेल ने छात्रों को वंदे मातरम् की रचना और इसके रचयिता से संबंधित जानकारी देते हुए बताया कि इस अमर गीत की रचना 7 नवम्बर 1875 को हुई थी और इसे सर्वप्रथम 1896 में रवींद्रनाथ टैगोर जी ने स्वरबद्ध किया था। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे वंदे मातरम गीत को कंठस्थ स्मरण करें और इसके अर्थ को आत्मसात करें। कार्यक्रम में कमलेश चौदह ने भी वंदे मातरम के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर नायब तहसीलदार शिवराम चढ़ार, सीईओ संजय गोस्वामी, अनमोल छिरोलिया, अभिषेक जैन, डॉ. रामगोपाल सोनी, सचिव धुन सिंह राजपूत, रामकरण अहिरवार सहित क्षेत्र के शिक्षक व छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### मैराथन का आयोजन कल

# न्यायोत्सव सप्ताह अंतर्गत होगा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

**दमोह।** विधिक सेवा दिवस के उपलक्ष्य में 09 नवंबर से 14 नवंबर तक विधिक सेवा सप्ताह का आयोजन किया जावेगा। जिसमें विधिक सेवा योजनाओं के प्रचार-प्रसार एवं उक्त योजनाओं का लाभ लेने के संबंध में विविध प्रक्रिया की जानकारी जन सामान्य तक न्याय की पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से साप्ताहिक जागरूकता एवं कार्यक्रमों का आयोजन किया जावेगा। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुभाष सोलंकी के निर्देश एवं उनके कुशल मार्गदर्शन में न्यायोत्सव सप्ताह का शुभारंभ 09 नवंबर को जन-जागरूकता मैराथन एवं विधिक सेवा की प्रदर्शनी के साथ होगा। मैराथन प्रातः 8 बजे जिला न्यायालय दमोह से प्रारंभ होकर विभिन्न स्थानों से होते हुए पुनः जिला न्यायालय दमोह में समाप्त होगी। मैराथन के उपरांत विधिक सेवा प्रदर्शनी का आयोजन जिला न्यायालय परिसर दमोह में किया जावेगा। 10 नवंबर को जेलों में विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित होंगे जिसमें बंदियों के अधिकार एवं निःशुल्क विधिक सहायता के बारे में बताया जायेगा। 11 नवंबर को विश्व शिक्षा दिवस के अवसर पर विद्यालय एवं महाविद्यालय में विभिन्न कानूनी विषयों पर चर्चा होगी। 12 नवंबर को ग्रामीण एवं श्रमिक बस्तियों में श्रमिक विधियों व शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने हेतु जानकारी प्रदान की जावेगी। 13 नवंबर को बाल अधिकारों के संबंध में कार्यक्रमों का आयोजन किया जावेगा। 14 नवंबर को बाल दिवस के अवसर पर निबंध, चित्र कला, लघु नाटिका का आयोजन किया जावेगा, जिसमें बच्चों की सांस्कृतिक गतिविधियां एवं आत्मविश्वास बढ़ाने वाले सत्र होगें। इसी दिन विधिक सेवा योजनाओं की जागरूकता हेतु मोटर साईकिल रैली के आयोजन के साथ विधिक सेवा सप्ताह का समापन होगा। सप्ताह में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के संबंध में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष सुभाष सोलंकी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षता में पूर्व में सर्व संबंधितों के साथ बैठक की जाकर कार्यक्रमों को सफल बनाने के संबंध में आवश्यक चर्चा की गई है। जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया ने बताया कि विधिक सेवा सप्ताह आयोजन का मुख्य उद्देश्य जन भागीदारी एवं कानूनी जागरूकता को बढावा देना है। न्यायोत्सव के दौरान मैराथन, मोटर साईकिल रैली एवं विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन अधिवक्तागण, लीगल एड डिफेंस काउंसिल, पैनल अधिवक्ता, पैरालीगल वालेंटियर, शिक्षा विभाग, एनजीओ, खेल विभाग, श्रम विभाग के सहयोग से किया जावेगा। आपने सभी से न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह अंतर्गत आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में सहभागिता की अपील की है।

# 150वीं वर्षगांठ पर पीएम श्री विद्यालय में आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

भारत माता के प्रति समर्पण और राष्ट्रभक्ति की भावना को सशक्त करते हुए पीएम श्री माध्यमिक शाला, बम्हौरी पाँजी में 7 नवंबर वंदे मातरम गीत की 150वीं वर्षगांठ बड़े उत्साह और गरिमा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापिका द्वारा दीप प्रज्वलन और माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण से हुई। तत्पश्चात विद्यार्थियों ने एक सुर में "वंदे मातरम" का गायन कर वातावरण को देशभक्ति से ओत-प्रोत कर दिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने वंदे मातरम गीत के इतिहास, रचनाकार बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय के जीवन और स्वतंत्रता संग्राम में इस गीत की भूमिका पर अपने विचार प्रस्तुत किए। बच्चों द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति गीत, भाषण और नृत्य ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाध्यापक सीमा दुबे ने विद्यार्थियों को राष्ट्रप्रेम, एकता और सांस्कृतिक गौरव को बनाए रखने का संदेश दिया तथा इस ऐतिहासिक अवसर पर सभी को बधाई दी। यह आयोजन न केवल विद्यार्थियों में देशभक्ति की भावना जगाने वाला रहा बल्कि भारतीय संस्कृति और स्वाभिमान के प्रति गर्व का प्रतीक भी बना। इस दौरान शिक्षकों में रवि सिंह लोधी, रुक्मणी ठाकुर, रितु श्रीवास, मीना नामदेव, दुर्गेश दुबे ,रजनी लोधी एवं अतिथि शिक्षक ज्ञानेंद्र सिंह लोधी की उपस्थित रहे।

# हिण्डोरिया मंडल की बैठक संपन्न



**दमोह।** विशेष गहन पुनरीक्षण (एस.आई.आर.) को लेकर भारतीय जनता पार्टी मंडल हिण्डोरिया की बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा और संगठनात्मक तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। बूथ लेवल एजेंट के आवेदन भरवायें गये। बैठक में जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे, दमोह सांसद राहुल सिंह, हटा विधायक श्रीमती उमादेवी खटीक, पूर्व विधायक पी.एल. तंतुवाय, मंडल अध्यक्ष देवेंद्र सिंह, तथा आईटी सेल संयोजक रिंकू गोस्वामी विशेष रूप से उपस्थित रहे। सांसद राहुल सिंह ने कहा — "एस.आई.आर. अभियान लोकतंत्र की शक्ति का प्रतीक है। हर कार्यकर्ता को अपने बूथ पर सक्रिय रहकर एस आई आर पर विशेष रूप से कार्य करना है। जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे ने कहा — "बूथ ही भाजपा की ताकत है। यदि बूथ मजबूत होगा, तो संगठन अपने आप सशक्त बनेगा। मतदाता सूची का पुनरीक्षण एक जिम्मेदारी है, जिससे हर पात्र मतदाता को लोकतंत्र में भागीदारी का अवसर मिल सके।" विधायक श्रीमती उमादेवी खटीक एवं पूर्व विधायक पी.एल. तंतुवाय ने भी कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि "हर कार्यकर्ता अपने क्षेत्र में संपर्क बढ़ाकर मतदाता जागरूकता में सहयोग करे।" कार्यक्रम में बूथ लेवल एजेंटों के साथ-साथ वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की भी गरिमामय उपस्थिति रही। उपस्थित प्रमुख कार्यकर्ताओं में राम सिंह ठेकेदार, हल्कू ठाकुर, लक्ष्मण पटेल, सुलतान ठाकुर, गजेंद्र ठाकुर, दशरथ पटेल, अमर सिंह राजपूत, अखिलेश सिंह, राजुल चौरहा, प्रेमनारायण साहू, वसीम खान, सुरेंद्र कालूराम अहिरवार, गिरवर सिंह, कोमल ठाकुर, नरेश साहू, करन सेठ, रिकेश चौबे, माधव राय, संजय पटेल, करोड़ी दादा, रतन ठाकुर सहित अनेक कार्यकर्ता सम्मिलित रहे। बैठक के दौरान बूथ सशक्तिकरण, मतदाता सूची पुनरीक्षण एवं संगठनात्मक मजबूती पर विस्तृत चर्चा की गई।

# नरवाई प्रबंधन पर कृषक संगोष्ठी का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा



कृषि विभाग जबेरा में शुक्रवार को नरवाई प्रबंधन को लेकर विकासखंड स्तरीय कृषक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सांसद प्रतिनिधि रूपेश सेन, मंडल अध्यक्ष बंटी दुबे, रानू नामदेव, सुरेन्द्र सिंघई सहित अनेकों कृषक मौजूद रहे। जिनका वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी नरेंद्र सिंह ठाकुर द्वारा स्वागत किया गया। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र से कृषि वैज्ञानिक डॉक्टर बी एल साहू द्वारा कृषकों को बताया गया कि कृषक नरवाई ना जलाएं बल्कि मिट्टी में मिलाकर जुताई कर दें जिससे फसल का उत्पादन बढ़ता है लाभदायक जीवाणुओं की संख्या बढ़ती है और मिट्टी की जल धारण क्षमता में बढ़ोतरी होने के साथ समय एवं लागत की बचत होती है। कार्यक्रम को सांसद प्रतिनिधि रूपेश सेन ने संबोधित करते हुए कहा कि किसान भाई नरवाई में आग ना लगे इससे पर्यावरण प्रदूषित होता है साथ ही मिट्टी राख और कोयला हो जाती है जिसमें कोई फसल उत्पादन नहीं देगी इसलिए किसान नरवाई ना जलाएं। उन्होंने कृषि विभाग द्वारा कृषकों को समय-समय पर दी जाने वाली जानकारी और मार्गदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि कृषि विभाग जबेरा द्वारा किसानों के हित में अच्छा कार्य किया जा रहा है जिससे क्षेत्र के किसान निश्चित रूप से लाभान्वित होंगे। वहीं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी नरेंद्र सिंह ठाकुर ने कृषकों से अपील करते हुए कहा कि किसान सुपर सीटर से बोवनी करें जो मक्का धान की पराली को काटकर बारीक करके मिट्टी में मिला देता है जिससे मिट्टी की संरचना और जलधारण क्षमता में सुधार होता है। कृषक संगोष्ठी में मुख्य रूप से मोनिका अग्निहोत्री,अमित परमार, दीपक पटेल, रितेश सिंह, दिनेश पटेल, प्रिंस कुमार जैन, दर्शिका दुबे सहित अनेकों कृषकों की उपस्थिति रही।

# वंदे मातरम के 150 वर्ष, बांदकपुर में गूंजा राष्ट्रभक्ति का अमृत स्वर




**बनवार ।** देशभक्ति की भावनाओं से सराबोर वातावरण, चोपड़ा बाबरी परिसर में गूंजता राष्ट्रीय गीत और हर चेहरे पर गर्व का भाव — यह दृश्य था श्री देव जागेश्वर नाथ धाम, बांदकपुर का। शुक्रवार को यहाँ राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भव्य कार्यक्रम का आयोजन हुआ। शासन के निर्देशानुसार देव श्री जागेश्वर नाथ मंदिर की प्राचीन बाबरी में आयोजित इस विशेष आयोजन के दौरान, जब "वंदे मातरम... सुजलां सुफलाम..." की गूंज मंदिर परिसर में फैलने लगी, तो पूरा प्रांगण राष्ट्रभक्ति के रंग में रंग गया। वातावरण में जैसे भारत माता के प्रति समर्पण और गर्व की भावना तैरने लगी। कार्यक्रम में एकल गायन का मनमोहक प्रदर्शन भाग्यश्री कुरेरिया ने किया। उनके गायन ने उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया। इस अवसर पर मंदिर के सभी वरिष्ठ पुजारी एवं पंडितगण, संस्कृत वेदांग विद्यालय एवं महर्षि विद्यालय के विद्यार्थी, साथ ही बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। आयोजन की सफलता में मंदिर प्रबंधक रामकृपाल पाठक, प्राचार्य कुंजी लाल डिम्हा, केदारनाथ दुबे, मनोज दूबेदि, नरेंद्र पाठक, तथा शिक्षक वीरेंद्र मिश्रा का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर मंदिर प्रांगण में देशभक्ति का ऐसा वातावरण बना कि हर स्वर के साथ भारत माता के प्रति प्रेम और सम्मान की भावना उमड़ पड़ी। वंदे मातरम के 150 वर्ष बांदकपुर ने राष्ट्रभक्ति का अमृत स्वर गूंजाकर इतिहास रचा।

**खबर संक्षेप**

## देवेश श्रीवास्तव ने नोडल प्राचार्य के रूप में कार्यभार किया ग्रहण

**दमोह।** मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा चयनित होकर प्राचार्य वर्ग-1 पद पर देवेश श्रीवास्तव ने शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था दमोह में नोडल प्राचार्य के रूप में कार्यभार ग्रहण किया। कार्यभार ग्रहण करने के अवसर पर संस्था प्रांगण में एक विशेष स्वागत एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। श्री देवेश श्रीवास्तव ने वृक्षारोपण किया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर उन्होंने संकल्प व्यक्त किया कि शासकीय आई.टी.आई. दमोह को संभाग की सर्वश्रेष्ठ संस्था के रूप में विकसित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि संस्था में प्रशिक्षण की गुणवत्ता, अनुशासन, तथा रोजगारोन्मुखी कौशल विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी।

## संस्कृति ज्ञान परीक्षा अब 21 को

**दमोह।** भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा की पूर्व निर्धारित तिथि 7 नवम्बर 2025 थी। चूंकि प्रदेश के सभी शासकीय स्कूलों में अर्ध वार्षिक परीक्षा 3 नवम्बर से प्रारंभ हो गई, इसलिए शांतिकुंज के निर्देशानुसार सम्पूर्ण प्रदेश में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के आयोजन की तिथि 21 नवम्बर 2025 कर दी गई है। सभी स्कूल के प्राचार्य, प्रधान अध्यापक अपने स्कूल के छात्र, छात्राओं को सूचित करने का निवेदन आयोजन समिति ने किया है।

### पहली बार सामान्य सभा की बैठक, प्रस्तावों पर जनता के सामने हुई चर्चा

# जनता के समक्ष पहली बार खुले में हुई नगर पालिका की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



कांग्रेस शासित हटा नगरपालिका परिषद में पहली बार सामान्य सभा की बैठक नगर के गणमान्य जनो, आम नागरिकों एवं मीडिया के बीच आयोजित कर नया कीर्तिमान रच दिया। बैठक में सीएमओ ने पूर्व निर्धारित प्रस्तावों का वाचन किया जिस एक-एक प्रस्ताव पर पार्षदों ने अपने विचार रखते हुए अपनी-अपनी मांगे रखी इसी के साथ सीएमओ एवं कर्मचारियों ने भी अपनी बात रखी। नपा अध्यक्ष शैलेंद्र खटीक ने प्रभारी सीएमओ राजेन्द्र खरे के मनमानी पूर्व रवैया पर सवाल उठाए उन्होंने कहा कि मुक्तिधाम में दाह संस्कार के लिए लकड़ियों के इंतजाम का प्रस्ताव डाला था। लेकिन दिवंगत के परिजनों को जली हुई लकड़िया थमाई जा रही थी। जो कि गलत है। इस पर उन्होंने सीएमओ को फटकार लगाते हुआ कहा की मुक्तिधाम में अब तक एक भी व्यक्ति को लकड़ी उपलब्ध नही हो सकी है। उन्होंने परिषद की प्रोसीडिंग में यह प्रस्ताव दर्ज कराया की मुक्ति धाम में एक भवन का निर्माण कर और एक नगर पालिका कर्मचारी की ड्यूटी लगाकर वहां अंतिम संस्कार हेतु लकड़िया उपलब्ध कराई जाएगी जिससे लोगो को यहां वहां न भटकने पड़े। वही मृत्यु प्रमाण हेतु पंचनामा वार्ड मुहर्रर तैयार करें इसके लिए भी ड्यूटी लगाई जाए। जिस पर सीएमओ ने सहमति जताई और शीघ्र निर्माण के निर्देश नपा के उपयंत्री को दिए। नगर की सफाई व्यवस्था गड़बड़ाने का मुद्दा भी उठा जिस पर सीएमओ ने कर्मचारियों की कमी का जवाब दिया तो नपा अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष प्रशांत पाठक और पार्षद दीपक जैन ने एक स्वर में पदस्थ सफाई कर्मचारियों की संख्या और उनके कार्य विभाजन की जानकारी मांग ली और जैसे ही सीएमओ खरे ने बताया कि न्यायालय और एसडीएम की ड्यूटी पर स्थायी सफाई कर्मचारी पदस्थ है। सभी सदस्यों ने एक स्वर में कहा कि सभी जगह लगे कर्मचारी तत्काल वापस बुलाकर सफाई व्यवस्था में तैनात करें। जवाहर वार्ड के पार्षद कैलाश ताम्रकार, रमाकवि वार्ड पार्षद अंजार खान द्वारा अपने वार्डो की समस्या बताते हुए कर्मचारियों को सार्वजनिक कार्यक्रम के लिए न निकाला जाए। पार्षद दीपक जैन ने कहा कि कर्मचारियों के नाम वार्ड पार्षद को पता होना चाहिए एवं उनकी सहमति के बिना कर्मचारी स्थानांतरण न किया जाए। नपा में पांच नए ई रिक्शा खड़े है बैटरी खराब हो रही है नही चला सकते तो कलेक्टर के पास जमा करा दें। उन्होंने सीएमओ एवं अध्यक्ष से अपील की कि कर्मचारियों के कार्य का निरीक्षण करें जवाब में सीएमओ ने कहा कि मैं घूमता हूं और आश्वस्त करता हूं कि समय मिलने पर वह भी घूमेंगे और स्वच्छता के नोडल अधिकारी उपयंत्री दीपक श्रीवास्तव भी नगर में घूमेंगे। अगले प्रस्ताव उदय प्रोजेक्ट पर चर्चा करते हुए उपाध्यक्ष प्रशांत नीलू पाठक ने कहा कि लाइन लीकेज और जगह जगह सड़कें खुदी पड़ी है यह योजना 2019 में कम्पलीट होना थी अब 25 में भी पूर्ण नही, जिसमें सीएमओ श्री खरे ने पत्राचार करने की जानकारी दी। बैठक में कुल 6 प्रस्ताव रखे गए थे जिनमें अंतिम प्रस्ताव पर एक राष्ट्र एक चुनाव के समर्थन और जीएसटी की दरों में कमी के लिए केंद्र सरकार का परिषद ने आभार व्यक्त किया गया। परिषद की सामान्य सभा में पार्षदों के अलावा गणमान्य जनों में डॉ महेश नेमा, डॉ सतवेंद्र सिंह,घनश्याम यादव, प्रदीप खटीक, सुनील राय, गर्वेश साहू, राजीव मोहन पाण्डेय,दिलीप पटेल,ब्रजेश गुप्ता के अलावा मीडिया कर्मी भी उपस्थित रहे।

## कर्तव्य में लापरवाही, कलेक्टर ने दिये कार्यवाही के निर्देश

**दमोह।** गत दिवस शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला टौरी, विकासखण्ड दमोह में अध्ययनरत दो बालिकाओं की स्वास्थ्य संबंधी घटना पर जिला स्तरीय जांच दल द्वारा 07 नवम्बर 2025 को जांच की गई। जांच प्रतिवेदन के अनुसार शाला प्रभारी प्रेमलाल अहिरवाल एवं के.जी.बी.वी. टौरी की वार्डन यशवंती महोवे द्वारा प्रथम दृष्टया कर्तव्य में लापरवाही परिलक्षित हो रही है। कलेक्टर श्री कोचर ने जांच समिति के प्रस्तुत प्रतिवेदन में की गई अनुशंसा पर श्री अहिरवार को शासकीय माध्यमिक शाला ग्वारी में तथा सुश्री महोबे को शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला टोरी में आगामी आदेश तक कार्यादेशित किया है।

## निःशुल्क सेनिटरी नैपकिन वितरण हेतु कलेकटर को सामग्री भेंट की

**दमोह।** महिलाओं के स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के क्षेत्र में निरंतर कार्यरत संगम सेवा एवं महिला उत्थान समिति द्वारा दमोह कलेक्टर महोदय को निःशुल्क सेनिटरी नैपकिन वितरण अभियान के लिए बड़ी मात्रा में सेनिटरी नैपकिन भेंट किए गए।



इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों की उन जरूरतमंद महिलाओं और किशोरियों तक स्वच्छता की बुनियादी सुविधाएं पहुँचाना है जो आज भी जागरूकता एवं संसाधनों के अभाव में मासिक धर्म स्वच्छता का समुचित ध्यान नहीं रख पातीं। इस अवसर पर समिति के प्रतिनिधि व दमोह सकल हिन्दू समाज के जिला अध्यक्ष पार्षद कपिल सोनी, संजय गौतम (अध्यक्ष, संगम सेवालय दमोह) तथा मोंटी रैकवार सहित अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि यह अभियान महिलाओं के स्वास्थ्य एवं सम्मान दोनों को ध्यान में रखते हुए चलाया जा रहा है, जिससे समाज में स्वच्छता एवं जागरूकता का संदेश व्यापक रूप से फैलाया जा सके कलेक्टर महोदय ने इस जनहितकारी पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के सामाजिक संगठन समाज में जागरूकता लाने के साथ-साथ प्रशासन के प्रयासों को भी सशक्त बनाते हैं। उन्होंने समिति को उनके निरंतर सामाजिक कार्यों के लिए शुभकामनाएं दीं।

## हिंडोरिया में अवैध मदिरा परिवहन करते दो आरोपी गिरफ्तार



**दमोह।** अवैध मदिरा विक्रय, संग्रहण, परिवहन और उपभोग के विरुद्ध चल रही कार्यवाही के तहत 6 नवंबर को आबकारी वृत हिंडोरिया टीम ने बड़ी सफलता हासिल की। प्रभारी सहायक जिला आबकारी अधिकारी केशव प्रसाद गांधी के नेतृत्व में की गई कार्रवाई में गुंजी तिराहा से नोनपानी मार्ग पर एक मोटरसाइकिल पर अवैध रूप से मदिरा परिवहन करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सत्यम विश्वकर्मा पिता प्रकाश विश्वकर्मा 24 वर्ष, निवासी जटाशंकर कॉलोनी दमोह थाना कोतवाली और गजेंद्र लोधी पिता भान सिंह लोधी 26 वर्ष, निवासी ग्राम टिकरी पिपरिया थाना हिंडोरिया के रूप में हुई है। आबकारी विभाग ने दोनों के कब्जे से कुल 123 पाव देशी मसाला मदिरा और परिवहन में प्रयुक्त मोटरसाइकिल को विधिवत जब्त किया। जब्त की गई सामग्री की अनुमानित कीमत लगभग ₹62,000 है। दोनों आरोपियों के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)(क) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई है। इस कार्रवाई में आबकारी आरक्षक हरिसिंह घुरैया, कुलदीप कटारे, छोटेलाल चौरसिया, महिला आरक्षक गीतांजलि गुप्ता और मेघा अहिरवार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान में 1024 अर्घ समर्पित किए गए

# कुण्डलपुर में आचार्य पदारोहण दिवस पर हुआ आचार्य छत्तीसी विधान का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह





सुप्रसिद्ध सिद्धक्षेत्र कुण्डलपुर में समाधिसम्राट संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज का आचार्य पदारोहण दिवस धूमधाम से मनाया गया। परमपूज्य विद्या शिरोमणि आचार्य श्री समयसागर जी महाराज के मंगल आशीर्वाद से इस अवसर पर प्रातः भक्तामर महामंडल विधान ,पूज्य बड़े बाबा का अभिषेक, रिद्धि कलश, शांतिधारा, आचार्य श्री विद्यासागर महाराज की पूजन, आचार्य छत्तीसी विधान हुआ । पूज्य बड़े बाबा के आंगन में चल रहे श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान में अत्यंत भक्तिभाव पूर्वक सिद्धों की आराधना करते हुए 1024 अर्घ चढ़ाये गये। आचार्य पदारोहण दिवस के अवसर पर ब्रह्मचारिणी किरण दीदी, श्रद्धा दीदी ,पंडित उदयचंद्र शास्त्री, ब्रह्मचारी रोहित भैया ने संत शिरोमणि आचार्यश्री विद्यासागर जी महाराज के संस्मरण की प्रस्तुति दी।

इस अवसर पर पूज्य बड़े बाबा का प्रथम अभिषेक, शांतिधारा, रिद्धि कलश आदि करने का सौभाग्य रामगोड़ा आदगोड़ा स्वर्णा सम्मेद पाटिल परिवार इचल करंजी, प्रकाशभोरे प्रशांत रोहित नाभिराज भोरे सांगली महाराष्ट्र, अवीरा अभिवीर अव्यान अभिनव बागीदौरा, संतोष संदीप सतीश भानपुर भोपाल ,राकेश दत्तात्रय निल्ले राकेश अवनीश निल्ले कोल्हापुर, खोडणिया चेतना अरविंद सौरभ बड़ोदिया, राजेंद्रअटल मनीषा सात्विक शगुन जैन दमोह, राजेंद्र राहुल जैन बंडा ,सपन शीलचंद जैन नागपुर ,आनंद विमल जैन देवरी, तुषार संजीव ध्रुव नरेंद्र जैन हाथरस, विजय सुरेंद्र गौरव जलज जैन भिलाई, रमेश राजकुमार संजय जैन भानपुर भोपाल को सौभाग्य प्राप्त हुआ। सायंकाल भक्तामर दीप अर्चना एवं पूज्य बड़े बाबा की संगीतमय महाआरती, प्रवचन हुए। 8 नवंबर को विश्व शांति महायज्ञ हवन एवं शोभा यात्रा,जलविहार का कार्यक्रम होगा। कुंडलपुर क्षेत्र कमेटी के तत्वाधान में राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रातः 8:00 बजे राष्ट्रगीत वंदे मातरम का गायन होगा।

## स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने का संकल्प दिलाया

**दमोह।** शासकीय कमला नेहरू महिला महाविद्यालय मैं 7 नवंबर 2025 को राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ जेपी चौधरी ने कहा कि यह केवल गीत नहीं अपितु यह हमारे देश की सांस्कृतिक धरोहर है तथा सभी को स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने का संकल्प दिलाया। आयोजन का प्रयोजन रखते हुए डॉ आर पी अहिरवार सर ने इस गीत की स्वतंत्रता आंदोलन में भूमिका और इसकी स्थाई सांस्कृतिक विरासत के महत्व पर प्रकाश डाला ।इस कार्यक्रम में उपस्थित सभी के द्वारा सामूहिक रूप से वंदे मातरम गीत गया गया। मंच का संचालन डॉ राजेश पौराणिक ने किया तथा समस्त अतिथियों का आभार डॉ दिनेश पटेल ने माना। इस अवसर पर




महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी एनपी नायक डॉ रेखा जैन, डॉ अरुण एम जैन डॉ मालती नायक, डॉ डीके नेमा डॉ असलम खान, डॉ प्रणव मिश्रा ,डॉ राधा ताम्रकार ,डॉ बृजेश मौर्य डॉ जया अहिरवार, डॉ बृजेंद्र कुशमारिया डॉ आराधना श्रीवास ,डॉ शिरीनखान ,डॉ अजय सिंह ,डॉ उमेश दीपंकर ,डॉ शिखा यादव डॉ, अनुभा सोदीया ,डॉ ममता संगी, डॉ अनुभा तिवारी डॉ अमिता श्रीवास्तव , डॉ चंद्रशेखर राठौर, डॉ आकाश पांडे, श्रीमती करिश्मा कटारे ,श्रीमती सपना राजपूत श्री हरीश दुबे, श्री विकास लखेरा एवं समस्त स्टाफ तथा बड़ी संख्या में छात्राओं की उपस्थित रही।

## सांसद निधि से निर्मित सामुदायिक भवन का हुआ शिलान्यास



**दमोह।** हटा विधानसभा अंतर्गत सकल नेमा समाज के 48वें ध्वजार्पण समारोह में श्री श्री 1008 श्री भौंदला धाम सिद्धक्षेत्र हिंडोरिया में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथ ही 15 लाख रुपए की सांसद निधि से निर्मित होने वाले सामुदायिक भवन का शिलान्यास हुआ। इस अवसर पर सांसद दमोह राहुल सिंह लोधी, पूर्व मंत्री एवं दमोह विधायक जयंत मलैया, हटा विधायक उमादेवी खटीक, भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे, पूर्व विधायक प्रद्युम्न सिंह, नगर परिषद उपाध्यक्ष बीबा बाई लक्ष्मण पटैल सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, ग्रामीणजन मौजूद रहे।

## कृषि विज्ञान केंद्र में हुआ कार्यशाला का आयोजन



**दमोह।** कृषि विज्ञान केंद्र में कृषि विभाग एवं आत्मा परियोजना के अंतर्गत कार्यरत समस्त कृषि विस्तार अधिकारी, बीटीएम एवं एटीएम के लिए इफको द्वारा "रबी फसलों की तैयारी एवं नैनो उर्वरक उपयोगिता" विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एडवोकेट हरीशचंद्र पटेल, राज्य विपणन प्रबंधक इफको भोपाल डॉ. डी.के सोलंकी, सहायक संचालक, किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग जगत प्रजापति, जिला विपणन अधिकारी इंद्रपाल सिंह राजपूत तथा वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख, कृषि विज्ञान केंद्र दमोह डॉ. मनोज अहिरवार उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त ए.डी.ए. एस.एल. कुर्मी एवं वैज्ञानिक, कृषि विज्ञान केंद्र दमोह डॉ. बी.एल. साहू ने भी कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। इफको क्षेत्रीय अधिकारी सागर प्रतीक गुप्ता द्वारा नैनो उर्वरकों के समसामयिक महत्व एवं उपयोगिता पर विस्तृत पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया गया। इसके उपरांत डॉ. डी.के. सोलंकी ने उपस्थित प्रगतिशील किसानों के नैनो उर्वरक उपयोग से संबंधित तकनीकी प्रश्नों के समाधान दिए तथा इफको के विविध विशिष्ट उत्पादों पर सारगर्भित चर्चा की। जगत प्रजापति ने अपने संबोधन में इफको के नवाचारों की सराहना करते हुए नैनो उर्वरकों को किसान एवं कृषि हित में क्रांतिकारी पहल बताया तथा कृषि विस्तार अधिकारियों को इसके प्रौद्योगिकीय प्रचार-प्रसार हेतु निर्देशित किया। एडवोकेट हरीशचंद्र पटेल ने नैनो उर्वरकों को पर्यावरण हितैषी और टिकाऊ विकल्प बताते हुए किसानों से इनके अधिकाधिक उपयोग का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी का उपयोग करने वाले किसानों ने अपने सकारात्मक अनुभव साझा किए, जिनसे नैनो तकनीक की प्रभावशीलता का व्यावहारिक प्रमाण मिला। अंत में डॉ. मनोज अहिरवार ने कृषि विज्ञान केंद्र में गत वर्ष नैनो डीएपी के उपयोग से प्राप्त उत्साहजनक परिणामों की जानकारी साझा करते हुए सभी आगंतुक अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

# नेमा समाज द्वारा श्री भौदला बाबा को ध्वज चढाया





हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिण्डोरिया

श्री भौदला बाबा मंदिर पर 48 वां ध्वजारोहण कार्यकम किया गया जिसमें सागर से आई नेमा समाज द्वारा ध्वज विशेष पूजा अर्चना के साथ चढाया सुवह पटेरा नाका पर सागर से आये नेमा समाज का नगर वासियो ने स्वागत किया यही से भव्य शोभायात्रा बैंड वाजो के साथ निकाली गई। यात्रा मुख्य बाजार क्षेत्र पहुंची जहां पर भारी अतिशवाजी कर लोगो के द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। नगर के विभिन मार्गो से होती हुई शोभा यात्रा 11:00 बजे मंदिर परिषद पहुंची जहां पर भौदला बाबा को ध्वज अर्पित किया चारो ओर बाबा के जयकारे गुज रहे थे नीचे पंडाल में भोजन प्रसाद के वाद सांस्कृतिक कार्यकम किये गये यही पर दमोह सांसद राहुल सिंह द्वारा भूमि पूजन किया गया । वाहर से आये नेमा समाज के कलाकारों के द्वारा अनेक प्रकार के कार्यकम किये गये जिन्हे लोगो द्वारा सराहा गया समिति के द्वारा सांसद् विधायक व अन्य सदस्यो को साल श्रीफल पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। दमोह की नेमा समाज के द्वारा छत्र एवं भौदला बाबा की रजत पादुका लेकर पद यात्रा कर बाबा के दरवार में माथा टेका दमोह सांसद जी के द्वारा 15 लाख रूपये सामुदायक भवन के लिये प्रदान किये गये । इसी प्रकार हटा विधायक के द्वारा भी 4 लाख रूप्ये दिये गये उक्त अवसर पर दमोह सांसद राहुल सिंह ,दमोह विधायक जयंत मलैया, हटा विधायक उमादेवी खटीक, पूर्व विधायक प्रधुम्मन सिंह भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे ,अतुल सिह ,हिंडोरिया भाजपा मंडल अध्यक्ष देवेंद्र सिंह ,राम सिंह, डॉ सी ऐल नेमा हटा,ठेकेदार ,नेमा समाज से चतुर्भुज नेमा, डी पी नेमा ने वताया कि दमोह से 16 किमी की पैदल यात्रा कर चादी की पादुका लेकर आते है भौदला बाबा की विशेष पूजा अर्चना कर माथा टेकते है कार्यक्रम का मंच संचालन अतुल नेमा कमलेश नेमा ने किया। कार्यकम में श्यामसुंदर नेमा,व्रजेश नेमा, सत्यनारायण नेमा आशीष नेमा, डॉ महेश नेमा, पंचम नेमा, पवन नेमा, आशीष नेमा व अन्य नगर वासियों की उपस्थिति रही ।

## दृगपाल लोधी बने युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष



**दमोह।** अखिल भारतीय युवा कांग्रेस के द्वारा मध्यप्रदेंश में भी युवा कांग्रेस के चुनाव सदस्यता अभियान करवाकर किये गये जिसमें दमोह जिले के तीन युवाओ द्वारा अधिक से अधिक सदस्य बनाने का प्रयास किया गया। जिनमें सर्वाधिक लगभग 2575 मत बनाकर अभाना से जिला पंचायत सदस्य दृगपाल लोधी की जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष पर ताजपोशी हो गई। उपाध्यक्ष पद पर पार्षद प्रतिनिधि अफजल खान एवं अरूण दुबे का चुनाव किया गया। इनके मनोनयन पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मानक पटेल, पूर्व विधायक अजय टंडन, प्रताप सींग, पूर्व नपाध्यक्ष मनु मिश्रा, संजय चौरसिया, लक्ष्मण सींग, प्रदीप खटीक, ब्रजेन्द्र सिंह, रजनी ठाकुर, प्रदीप पटेल, प्रफुल्ल श्रीवास्वत, वीरेन्द्र राजपूत, नितिन मिश्रा, विक्रम ठाकुर, राशु चौहान, शमीम कुरैशी, खिल्लू ठाकुर ने बधाई दी है।

### ग्रामीण क्षेत्रों में भी निर्वाचित हुये ब्लाक अध्यक्ष



युवा कांग्रेस के नव निर्वाचित विधानसभा अध्यक्ष जितेन्द्र अहरवाल ने बतया कि युवा कांग्रेस दिल्ली द्वारा पूर्व म.प्र. में चुनाव कार्यक्रम कर अध्यक्ष उपाध्यक्ष महासचिव का निर्वाचन किया गया है। जिसमें दमोह विधानसभा से विधानसभा अध्यक्ष जितेन्द्र अहरवाल, ग्रामीण अध्यक्ष जगत असाटी, शहर अध्यक्ष सुमिल जैन, दमोह उपब्लाक अध्यक्ष विकास पाण्डेय, उपब्लाक अध्यक्ष देविन्द्र लोधी, हटा विधानसभा से सौरभ राय और पटेरा ब्लाक अध्यक्ष हनी ताम्रकार बने। वही पथरिया विधानसभा से अजय ठाकुर अध्यक्ष बने और बटियागढ ब्लाक अध्यक्ष गौरव गर्ग बने और नरसिंहगढ ब्लाक अध्यक्ष निशांत सिकरी बने।